राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




11 फिल्मों के चुनाव को लेकर चेतना...



प्रधानमंत्री मोदी न्यूजीलैंड के... 12


गाजियाबाद, शनिवार 04 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 117, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## मुख्यमंत्री ने किया नौवें आम महोत्सव का उद्घाटन, 800 से अधिक किस्मों के आम बने आकर्षण का केंद्र

**लखनऊ। (आरएनएस)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित नौवें तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 'आम महोत्सव-2026' की स्मारिका का विमोचन किया तथा प्रगतिशील बागवानों को सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्यान,

**● इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आम प्रदर्शनी, मलिहाबाद के बागों में किसानों के साथ संवाद तथा जनभवन में राज्यपाल की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य बागवानी को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है, उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र में लगातार नवाचार कर रही है**

कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने महोत्सव के आयोजन में मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष महोत्सव में 800 से अधिक किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए हैं, जो बच्चों, युवाओं और आम प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।उन्होंने बताया कि महोत्सव का आयोजन तीन स्थानों पर किया गया है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आम प्रदर्शनी, मलिहाबाद के बागों में किसानों के साथ संवाद तथा जनभवन में राज्यपाल की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य बागवानी को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र में लगातार नवाचार कर रही है। आम की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेपर बैग तकनीक को बढ़ावा दिया गया है। इसके साथ ही कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन, उच्च तकनीक पौधशालाओं की स्थापना तथा कमल की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने जैसे अनेक कदम उठाए गए हैं।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में उच्च तकनीक पौधशालाओं के माध्यम से वितरित किए जाने वाले पौधों की संख्या 74 लाख से बढ़कर 29 करोड़ तक पहुंच गई है। शहरी क्षेत्रों में छत पर बागवानी को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे हरित वातावरण विकसित होगा और कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण में सहायता मिलेगी।दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना तथा मंडल स्तर पर आयोजित उन्नयन गोष्ठियों के माध्यम से औषधीय, फल एवं उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की मात्र 9 प्रतिशत कृषि भूमि पर होने वाली बागवानी फसलों का कृषि उत्पादन में 42 प्रतिशत योगदान है, जबकि 91 प्रतिशत भूमि पर पारंपरिक कृषि का योगदान 58 प्रतिशत है। यह बागवानी क्षेत्र की बढ़ती उत्पादकता का प्रमाण है।



उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के आम सहित विभिन्न उद्यानिकी उत्पाद अब अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, सिंगापुर, कुवैत, न्यूजीलैंड, बेल्जियम, जापान, इटली, कतर, रूस, जर्मनी, मॉरीशस, नीदरलैंड, ओमान, नेपाल, थाईलैंड, बहरीन और स्वीडन सहित अनेक देशों में निर्यात किए जा रहे हैं।उद्यान मंत्री ने बताया कि आम और शहद उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी है। प्रदेश के शहद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए 'काशी शहद' के नाम से उसका ब्रांड विकसित किया गया है। इसके अलावा मखाना, खजूर, कमल, स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट जैसी नई फसलों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश का गौरव भी बढ़ाया है।

कार्यक्रम के अंत में उद्यान मंत्री ने बताया कि लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हुई दुखद घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आम महोत्सव के अंतर्गत प्रस्तावित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारतीय संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप लिया गया है।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर : गांदरबल में सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, हादसे में 6 जवान घायल

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 6 जवान घायल हो गए। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग के गगनगीर सुरंग के पास सीआरपीएफ का एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन का संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ।




दुर्घटना के समय वाहन में सवार छह जवान घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और सभी जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल जवानों को घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए गुंड स्थित सीआरपीएफ शिविर और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के अनुसार, सभी जवानों का इलाज जारी है।

घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और संबंधित एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हादसा चालक से हुई चूक, तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से हुआ। जांच पूरी होने के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### राम मंदिर चंदा विवाद पर बोले दिग्विजय सिंह, मेरे दिए गए दान का गलत इस्तेमाल किया गया, कोर्ट जाऊँगा

**अयोध्या।** राम मंदिर चंदा विवाद और बड़ा होता दिखाई दे रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मैंने अयोध्या में मुकदमा करने का फैसला किया है। मेरा कहना है कि मैंने जो दान दिया था, उसका गलत इस्तेमाल किया गया–उसे लूट लिया गया।



इसलिए, वह पैसा मुझे वापस मिलना चाहिए ताकि मैं उसे 'रामलय ट्रस्ट' में जमा कर सकूँ। मुझे पुलिस स्टेशन पर भरोसा नहीं है। पुलिस बीजेपी के कंट्रोल में है, इसलिए मैं वहाँ नहीं जाऊँगा; मैं कोर्ट जाऊँगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि राम मंदिर के लिए फंड इकट्ठा करने के दो अभियान चले थे। मैंने शुरूआती दौर में भी योगदान दिया था, जब आडवाणी जी की रथ यात्रा हुई थी। हमारी राम मंदिर और भगवान राम में आस्था है। हालाँकि, फंड इकट्ठा करने के पहले दौर का कोई हिसाब-किताब कभी नहीं दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फिर से फंड इकट्ठा करने का काम शुरू हुआ। विश्व हिंदू परिषद ने एक अभियान शुरू किया, लेकिन मैंने उन्हें कोई योगदान नहीं दिया; मुझे उन पर भरोसा नहीं है क्योंकि दान के पैसे का गलत इस्तेमाल करना उनके लिए कोई नई बात नहीं है–यह उनकी पुरानी आदत है। इसके बजाय, मैंने सीधे दान करने का फैसला किया।

### चंदे पर संग्रामः भाजपा बोली एसआईटी पर भरोसा रखें


**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के मामले ने उत्तर प्रदेश में जबरदस्त राजनीतिक हलचल मचा दी है। विपक्ष ने



सत्ताधारी बीजेपी पर तीखा हमला बोला है, जबकि सरकार का कहना है कि मामले की पारदर्शी जांच चल रही है। इस मामले पर अठकसे बात करते हुए बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ने तुरंत कार्रवाई की है। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रक्ळ जांच के आदेश दिए हैं। रक्ळ जांच चल रही है और पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जा रही है। लोगों को इंतजार करना चाहिए और भरोसा रखना चाहिए। राज्य के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने अठक से कहा कि पिछली सरकारों के उलट, मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार को छिपा नहीं रही है।

## पाकिस्तान में यात्रियों से खचाखच भरी बस खाई में गिरी, 40 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां यात्रियों से भरी एक बस पथरीली खाई में गिर गई, जिसमें 40 यात्रियों की मौत हुई है। हादसा बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की सीमा के पास स्थित एक दूरस्थ क्षेत्र दाना सर में हुआ है। घटना के समय बस डेरा इस्माइल खान में प्रांतीय सीमा पार कर पेशावर जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस यात्रियों के खचाखच भरी हुई थी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री के मीडिया और राजनीतिक मामलों के सलाहकार शाहिद रिंद ने बताया कि मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के निदेर्शों पर घटना के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। दोनों प्रांतों के जिला प्रशासन, बचाव दल और अन्य संबंधित विभाग प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बस क्वेटा से 36 यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी, लेकिन रास्ते में खराब बस से उतरे यात्री भी उसमें सवार हो गए थे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने घटना पर शोक जताते हुए एक्स पर घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की



और संबंधित विभागों को घायलों के सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बुगती ने भी घटना पर दुख जताते हुए संबंधित विभागों को बचाव कार्य में तेजी लाने, घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## 15 साल बाद मिला न्याय, पुलिस कस्टडी में बेगुनाह की मौत पर थानेदार समेत 9 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

**वाशिम (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के वाशिम से एक बेहद सनसनीखेज और न्याय व्यवस्था पर अटूट भरोसा जगाने वाली खबर सामने आई है। करीब 15 साल पहले एक बेगुनाह युवक को पुलिस कस्टडी में बेरहमी से पीट-पीटकर मार डालने के मामले में जिला अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। वाशिम जिला सत्र अदालत ने इस खौफनाक वारदात में शामिल तत्कालीन थानेदार समेत कुल 9 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद की सख्त सजा सुनाई है। इस फैसले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कानून के हाथ बेहद लंबे होते हैं और भले ही न्याय मिलने में देरी हो, लेकिन दोषियों को उनके किए की सजा जरूर मिलती है।



**आधी रात को पूछताछ के बहाने उठाया, फिर पीट-पीटकर ले ली जान**

यह पूरा रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला 10 मई का है, जो करीब 15 साल पुराना है। रिसोड़ पुलिस ने रात के 3 बजे पारधी समाज से ताल्लुक रखने वाले बेग्या पवार नाम के एक युवक को उसके ही घर से उठाया था। उस वक्त परिजनों से सिर्फ इतना कहा गया था कि वे बेग्या को सामान्य पूछताछ के लिए ले जा रहे हैं। लेकिन थाने ले जाने के बाद रक्षक ही भक्षक बन गए और पुलिसकर्मियों ने उसकी इतनी बेरहमी से पिटाई की कि कस्टडी में ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

## ई-रिक्शा बंद करने वाले बीएटी-बीएमएस और अन्य ऐप्स पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने बीएटी-बीएमएस और इपोच ली-आयन नाम के दो मोबाइल ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और ऐपल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। इन ऐप्स के जरिए दिल्ली में कई ई-रिक्शा को दूर से बंद किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। सरकार का कहना है कि इनका गलत इस्तेमाल लोगों को परेशानी में डाल रहा था। इसी वजह से इन ऐप्स को हटाने का फैसला लिया गया, ताकि ऐसे मामलों पर रोक लगाई जा सके।ये दोनों ऐप ब्लूटूथ के जरिए लिथियम-आयन बैटरी से जुड़ते हैं और बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम को नियंत्रित करते हैं। कुछ लोग इनका इस्तेमाल मजाक के नाम पर सड़क पर चल रही ई-रिक्शा को अचानक बंद करने के लिए कर रहे थे। ऐप खोलकर पास की बैटरी से कनेक्ट होते ही डिस्चार्ज विकल्प दबाया जाता था, जिससे गाड़ी बीच रास्ते में रुक जाती थी और चालक परेशान हो जाता था।



अधिकारियों के अनुसार, ये ऐप बैटरी का वोल्टेज, तापमान और करंट जैसी जानकारी देखने के लिए बनाए गए थे।

## अम्मा में सत्ता को लेकर बड़ा विवाद, नई एडहॉक कमेटी को लेकर श्वेता मेनन ने उठाए सवाल

**कोच्चि (आरएनएस)।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों का प्रमुख कमेटी 'मलयालम मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन, (अम्मा) एक बार फिर अंदरूनी विवादों के कारण सुर्खियों में है। संगठन में नेतृत्व और नियंत्रण को लेकर चल रहा टकराव अब एक संघर्ष में बदल गया है। पूर्व अध्यक्ष श्वेता मेनन ने नई बनाई

**● इस्तीफे के बाद एजीबी ने एक 9 सदस्यीय एड हॉक समिति के गठन को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य तब तक कमेटी का संचालन करना है जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते**

गई एड हॉक कमेटी की वैधता पर सवाल उठाया और दावा किया कि मौजूदा परिस्थितियों में उनकी एग्जीक्यूटिव कमेटी की जिम्मेदारी संभालने की हकदार है। पूरा मामला 21 जून को हुई एनुअल जनरल बॉडी (एजीबी) बैठक के बाद और गंभीर हो गया, जब भारी विरोध के बीच श्वेता मेनन और पूरी एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्यों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। यह कदम कमेटी के भीतर बढ़ते असंतोष और नेतृत्व पर उठ रहे सवालों के बीच सामने आया था। उस समय माना गया था कि यह इस्तीफा कमेटी में एक बड़े बदलाव की शुरूआत है, लेकिन अब यह फैसला ही नए विवाद का कारण बन गया है। इस्तीफे के बाद एजीबी ने एक 9 सदस्यीय एड हॉक समिति के गठन को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य तब तक कमेटी का संचालन करना है जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते। इस समिति की अध्यक्षता रमेश पिशारोडी को सौंपी गई, जबकि पूर्व विधायक के.बी. गणेश कुमार भी इसके सदस्य बनाए गए हैं।




इस फैसले के बाद कमेटी के भीतर दो अलग-अलग खेमे बन गए, जिनमें एक पक्ष नई समिति का समर्थन कर रहा है और दूसरा इसे अवैध बता रहा है। विवाद तब और बढ़ गया जब एड हॉक समिति ने हाल ही में कोच्चि में एक मीटिंग की। इस मीटिंग के बाद श्वेता मेनन ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत बयान जारी कर कमेटी की कार्यप्रणाली और नई समिति की वैधता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अम्मा के नियमों के अनुसार जब तक नई कार्यकारिणी का चुनाव नहीं होता, तब तक पुरानी कार्यकारिणी ही कमेटी की प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालती है। ऐसे में एड हॉक समिति का गठन नियमों के खिलाफ है और इसका कोई कानूनी आधार नहीं बनता।

**बढ़ा भरोसा** | कई बड़े वैश्विक और घरेलू निवशकों ने समूह की कई सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी को बढ़ाया है

## अदाणी ग्रुप पर निवेशकों का बढ़ा भरोसा, एईएल क्यूआईपी को मिला 38,000 करोड़ रुपये का जबरदस्त रिस्पॉन्स

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** अदाणी ग्रुप वैश्विक संस्थागत निवेशकों और भारत के बड़े म्यूचुअल फंड्स को आकर्षित करने में सफल रहा है और यह ग्रुप को लेकर निवेशकों के सेंटीमेंट में स्पष्ट बदलाव को दिखाता है।

अदाणी ग्रुप की मुख्य कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एआईएल) बीते एक वर्ष में निवेशकों से फ्रेश इक्विटी के जरिए करीब 40,000 करोड़ रुपए जुटाने सफल रही है। वहीं, कई बड़े वैश्विक और घरेलू निवशकों ने समूह की कई सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी को बढ़ाया है।

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने इस हफ्ते अपने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) का साइज बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपए कर दिया था। कंपनी को इसके लिए लगभग 38,000 करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं, जो बेस इश्यू साइज का 3.8 गुना है। यह फंड जुटाने की प्रक्रिया कंपनी के 25,000 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू के एक साल से भी कम समय में हुई है, जिससे पिछले एक साल में जुटाई गई कुल इक्विटी कैपिटल लगभग 40,000 करोड़ रुपए हो गई है।

ताजा फंड जुटाने की प्रक्रिया में कई बड़े संस्थागत निवशकों ने भाग लिया, जिनमें कैपिटल ग्रुप, गोल्डमैन सैश, ब्लैकरॉक, ब्लैकस्टोन और नोमुरा शामिल हैं। घरेलू स्तर पर भी बड़ी संख्या में निवेशकों ने भाग लिया। इसमें एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड, आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड और टाटा म्यूचुअल फंड शामिल थे।

इस डील से जुड़े लोगों ने बताया कि इश्यू के औपचारिक रूप से खुलने से पहले ही ऑर्डर बुक पूरी तरह भर गई थी। बैंकरों का कहना था कि




निवेशक शेयर पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। कंपनी ने पहले 10,000 करोड़ रुपए के बेस साइज के साथ क्यूआईपी लॉन्च किया था, लेकिन जबरदस्त मांग को देखते हुए इसे बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपए कर दिया। फंड जुटाने की यह प्रक्रिया अदाणी ग्रुप के प्रति निवेशकों की सोच में आए बड़े बदलाव का ताजा संकेत है। एक समय ऐसा भी था जब कई संस्थागत निवेशक अदाणी ग्रुप के शेयरों को पसंद नहीं करते थे, लेकिन अब ये शेयर ग्लोबल फंड और घरेलू एसेट मैनेजरों के बीच सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले शेयरों में से एक बन गए हैं।

पिछले एक साल में, अदाणी एंटरप्राइजेज के साथ-साथ अदाणी पावर, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अदाणी ग्रीन एनर्जी जैसी कंपनियों में फंड जुटाने और सेकेंडरी ट्रांजैक्शन में बड़े संस्थागत निवेशकों ने हिस्सा लिया है। निवेशकों की इस लिस्ट में लगातार दुनिया के कुछ सबसे बड़े एसेट मैनेजर और लगभग सभी बड़े घरेलू म्यूचुअल फंड शामिल रहे हैं, जो ग्रुप के लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट पाइपलाइन में बढ़ते भरोसे को दिखाता है। यह नई मांग तब आई है जब अमेरिका के एक फेडरल जज ने अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के खिलाफ आपराधिक आरोपों को औपचारिक रूप से हटाने पर रोक लगा दी है और डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस को केस वापस लेने के अपने फैसले को सही ठहराने का निर्देश दिया है। संस्थागत निवेशकों की मजबूत भागीदारी से पता चलता है कि निवेशक ग्रुप के ऑपरेटिंग बिजनेस, कैपिटल एलोकेशन और ग्रोथ की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। ग्रुप की मुख्य कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज एयरपोर्ट, एआई और डेटा सेंटर, सोलर और विंड इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, सड़क, पीवीसी, मेटल और माइनिंग जैसे क्षेत्रों में अपने बिजनेस का विस्तार कर रही है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# सावन से पहले अंबकेश्वर महादेव मंदिर का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण,कांवड़ यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** आगामी सावन मास एवं कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी कुमार हर्ष और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने तहसील अनूपशहर क्षेत्र स्थित अंबकेश्वर महादेव मंदिर, आहार का निरीक्षण कर कांवड़ियों की सुविधा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कांवड़ियों के सुगम एवं व्यवस्थित जलाभिषेक के लिए सभी आवश्यक इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग



बनाने, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, स्वास्थ्य शिविर, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कांवड़ मार्गों पर झाड़ियों की सफाई, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता कार्य समय से पूरा कराने को कहा। जिलाधिकारी ने मंदिर के मुख्य पुजारी से भी बातचीत कर शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं से व्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक कराने का आग्रह किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने अंबकेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना भी की।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनूपशहर अरुण वर्मा, सीओ, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राहुल शर्मा, तहसीलदार संजय तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर टिकट बाबू की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ककोड।** जीआरपी खुर्जा जंक्शन चौकी प्रभारी अमित चावला ने बताया कि गाड़ी संख्या 22361



अमृत भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से सोनपाल पुत्र मनोहर लाल उम्र करीब 28 वर्ष जाति प्रजापति निवासी ग्राम शिव कॉलोनी खुर्जा जंक्शन थाना खुर्जा नगर जनपद बुलंदशहर की रेलवे स्टेशन वैर यार्ड पर मृत्यु हो गई है मृतक सोनपाल वैर स्टेशन पर प्राइवेट टिकट काटने का कार्य करता था के संबंध में मैं उप निरीक्षक अमित कुमार जवाला व hc 284 संजय सिंह hc 870 राजकुमार द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचायत नामा की कार्रवाई की गई बाद पंचायत नामा कार्रवाई पोस्टमार्टम हेतु hc 1284संजय कुमार व hc 870 राजकुमार को मृतक का शव सुपुर्द कर मोर्चरी अलीगढ़ भिजवाया गया।

# अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह के नेतृत्व में नागरिकों एवं व्यापारियों को कपड़े के थैलों का वितरण किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे के अवसर पर नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा नगर में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह के नेतृत्व में नागरिकों एवं व्यापारियों को कपड़े के थैलों का वितरण किया गया तथा सभी से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतः बंद करने की अपील की गई।

इस अवसर पर सभासद गौतम सूर्यवंशी, स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर वीरेन्द्र गर्ग, मुकेश गर्ग एवं सभासद पति रंजीत सैनी



उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से बाजार क्षेत्र में दुकानदारों एवं आम नागरिकों से संवाद कर पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैलों को अपनाने तथा प्लास्टिक मुक्त शिकारपुर बनाने में अपना सहयोग देने का आह्वान किया।

अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा है। यदि प्रत्येक नागरिक कपड़े के थैले का उपयोग करने का संकल्प ले, तो हम एक स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त शिकारपुर का निर्माण कर सकते हैं।

नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा समस्त नगरवासियों से अपील है कि 'ना कहें पॉलीथिन को, अपनाएँ कपड़े का थैला' और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में सहभागी बनें। जनसहभागिता से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित शिकारपुर का सपना साकार किया जा सकता है।

# महिलाओं के लिए खुला "लक्ष्मी कलेक्शन", एक ही छत के नीचे मिलेगी लेडीज फैशन की हर वैरायटी !

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** नगर के मोहल्ला प्रभुदयाल, लाल कूआ समीप स्थित चामुंडा मंदिर के निकट शुक्रवार को महिलाओं एवं युवतियों के लिए समर्पित नए गारमेंट्स प्रतिष्ठान "लक्ष्मी कलेक्शन" का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार मनोज ओझा ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत विधिवत हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ।

प्रतिष्ठान की संचालक हिना राजपूत ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर लड़कियों और महिलाओं के लिए नवीनतम फैशन एवं ट्रेंडिंग कलेक्शन उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि मौसम और समय की मांग के अनुरूप स्टॉक एवं डिजाइन की वैरायटी में लगातार



लक्ष्मी कलेक्शन दुकान का फीता काटकर शुभारंभ करते मनोज ओझा

बदलाव किया जाएगा, ताकि ग्राहकों को हर बार कुछ नया और आकर्षक मिल सके। उन्होंने नगरवासियों से सहयोग एवं आशीर्वाद की अपेक्षा भी जताई।

उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि मनोज ओझा ने प्रतिष्ठान की सफलता की कामना करते हुए कहा कि आज महिलाएं और युवतियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से ऐसे नए व्यवसायिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने और सहयोग देने की अपील की।

वहीं, विशिष्ट अतिथि पत्रकार अमित गोयल ने भी प्रतिष्ठान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सतीश कुमार, उमेश, आशु, आयुष गोयल, पिंटू सैनी, मनुराज गोयल, सौरभ चौधरी, शिवराम, रिहान समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया गौरव द्वार का शिलान्यास,ग्राम परवाना में कर्नल आशुतोष शर्मा की स्मृति में बन रहा है गौरव द्वार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** देश की आन में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद कर्नल आशुतोष शर्मा की जन्मतिथि पर ग्राम परवाना में उनकी स्मृति में जिला पंचायत द्वारा बनवाए जा रहे गौरव द्वार का भूमिपूजन और शिलान्यास जिला पंचायत




अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया ने शुक्रवार को किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शहीद कर्नल आशुतोष शर्मा की माता और पत्नी का सम्मान करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य त्याग और समर्पण को श्रद्धा पूर्वक नमन किया और शहीद कर्नल वीरचक्र विजेता कर्नल आशुतोष शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शहादत को नमन किया।

तहसील स्याना विकास खंड जहांगीराबाद अंतर्गत ग्राम परवाना में शुक्रवार को आयोजित गौरव द्वार शिलान्यास समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया

## वीर शहीद की जन्मतिथि पर हुआ भूमिपूजन एवं शिलान्यास

ने कहा कि शहीद कभी नहीं मरते वो तो सदैव के लिए अमर हो जाते हैं और राष्ट्र की आत्मा में हमेशा जीवंत बने रहते हैं। उनके सर्वोच्च बलिदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। उनकी याद में बन रहा गौरव द्वार आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति राष्ट्रसेवा और बलिदान की प्रेरणा देता रहेगा। डॉ अंतुल तेवतिया ने हवन पूजन के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारणो के बीच अपने करकमलों से आधार शिला रख कर गौरव द्वार का श्रीगणेश किया।

उन्होने समारोह में उपस्थित शहीद कर्नल की माता जी श्रीमती सुधा शर्मा और धर्मपत्नी श्रीमती पल्लवी शर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और राष्ट्र के प्रति उनके त्याग और समर्पण के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नमन किया। कार्यक्रम में शहीद कर्नल आशुतोष शर्मा के परिजनों बड़े भाई पीयूष शर्मा, भाभी रचना शर्मा बहिन नूतन शर्मा पुत्री कुहू शर्मा आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी आगंतुक अतिथियों एवं समारोह में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने वीर शहीद कर्नल आशुतोष शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया। भारत माता की जय कर्नल आशुतोष शर्मा अमर रहें वंदेमातरम् के उद्घोष समूचे वातावरण को गरिमा मंडित करते रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्यौराज सिंह लोधी, महेंद्र गौतम जीतू भैया विशाल गौतम रविन्द्र गौतम दिनेश चंद्र पाठक सोनू पाठक श्यामलाल बलवीर सिंह नवनीत शर्मा जितेंद्र शर्मा नेपाल लोधी उधम सिंह लोधी बब्लू प्रधान इसरार अहमद राहुल जंगलिया नेपाल प्रजापति सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मिताली सिंह को मिला स्वर्ण पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**जहांगीराबाद ।** अत्यंत हर्ष का विषय है कि रघुवरदयाल प्रभुदयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जहांगीराबाद की एम.ए. (समाजशास्त्र विषय) की मिताली सिंह ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं एम.ए. (शिक्षा शास्त्र विषय) की निधि शर्मा ने मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान तथा एम०ए० (गृहविज्ञान विषय) की रितुल ने मेरिट लिस्ट में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावकों के साथ-साथ महाविद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय की छात्राएं गत वर्षो से ही विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराकर स्वर्ण पदक प्राप्त करती रही हैं,और एक बार फिर यह महत्वपूर्ण दिवस महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है। 22 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय के 38वे दीक्षांत समारोह में मिताली सिंह को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्रबंधक गिरीश गर्ग, निदेशक शरद अग्रवाल, संयोजक कुलदीप गर्ग, हर्ष अग्रवाल तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी ने तीनों ही छात्राओं को इस सफलता के लिए बधाई प्रेषित की, और महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को इन छात्राओं से प्रेरणा लेते हुए अपने पठन-पाठन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर तीनों विषयों के प्राध्यापक रिंकू राघव, शरद शर्मा, शशिकांत, केशव, सीमा शर्मा,कुमकुम वर्मा, मीनाक्षी, पूजा आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम चोला में 31.47 लाख की लागत से निर्मित 550 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चोला में हरिओम शर्मा के मकान से स्वर्गीय अशोक (पूर्व प्रधान) तक 31.47 लाख की लागत से निर्मित 550 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।



इस अवसर पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर था, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उनके निरंतर प्रयासों एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के सहयोग से इस सड़क का निर्माण पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जनहित के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सम्भल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल(मौहम्मद अब्बास)।** शुक्रवार को सम्भल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह नई तहसील परिसर स्थित मीटिंग हॉल में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।




समारोह में अधिवक्ताओं, बार पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ लेकर संस्था के हित में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि एआईजी स्टाम्प अशोक कुमार तथा तहसीलदार धीरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी, सम्भल बार एसोसिएशन के चेयरमैन चौधरी प्रकाशवीर सिंह ने की। अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखते हुए सभी पदाधिकारी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

शपथ ग्रहण समारोह में राजीव कुमार भटनागर ने अध्यक्ष, मनीष आर्य ने सचिव, जितेंद्र कुमार मौर्य ने कोषाध्यक्ष, रियाज अहमद ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आदित्य रस्तोगी एवं चौधरी पंचम सिंह ने उपाध्यक्ष तथा मोहम्मद गुलजार इरशाद ने उपसचिव पद की शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने तथा बार की परंपराओं और गरिमा को बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट सीनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहबुद्दीन एवं सचिव जाकिर हुसैन, जिला सीनियर बार एसोसिएशन सम्भल के अध्यक्ष राकेश रस्तोगी एवं सचिव शाहिद हुसैन तथा रेवेन्यू बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, सम्भल (बहजोई) के संरक्षक नरेशपाल यादव एवं सचिव सत्य प्रकाश यादव ने विशेष रूप से सहभागिता करते हुए नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाता है। उन्होंने संगठनात्मक एकता, अनुशासन और आपसी सहयोग को बार एसोसिएशन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रमुख रूप से माधव मिश्रा, अरविन्द सिंह, राजेन्द्र सिंह सैनी, मुस्तहसन राजा जैदी, चौधरी प्रवीन्द्र सिंह, शरद भारद्वाज, चौधरी रविन्द्र उर्फ रवि, सचिन चौहान,भूपेश कुमार, कौशल त्यागी, कपिल सैनी, तनवीर आलम, लोकेश चन्द्र प्रजापति, राजेश खडगवंशी, नीतिन शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

समारोह का संचालन डॉ. अमित उठवाल ने प्रभावी ढंग से किया। उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करते हुए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा और अधिवक्ताओं ने संगठन की मजबूती तथा न्यायिक व्यवस्था में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प दोहराया। अंत में अतिथियों एवं अधिवक्ताओं के बीच आपसी संवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**फूटा गुस्सा** — ग्रामीणों ने गांव के ही दबंग लोगों पर रास्ता में पानी रोकने का लगाया आरोप

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, तहसील में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जमालपुर में लंबे समय से जलभराव और गंदगी की समस्या से परेशान ग्रामीणों का सब्र आखिरकार टूट ही गया। दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने तहसील परिसर पहुंचकर तहसीलदार कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और तहसीलदार गौरव बिश्नोई को जलभराव की समस्या से कराया अवगत। ग्रामीणों की बात सुनकर तहसीलदार ने लेखपाल और कानून गो को मौके पर भेजकर स्थिति की रिपोर्ट मांगी लेकिन तहसीलदार के कहने के बाबजूद लेखपाल और कानून गो मौके पर गांव में नहीं पहुंचे उधर ग्रामीणों ने जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने





की मांग उठाई है।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की मुख्य सड़क और गलियों में लंबे समय से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कई बार ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, एडीओ पंचायत, बीडीओ और एसडीएम से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। मजबूरन लोगों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण करीब 20 परिवार गंभीर रूप से प्रभावित हैं। गंदे पानी और कीचड़ से संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर गांव में जल्द जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा नाली निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीण कंछी सिंह ने बताया है कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने रास्ता में पानी को रोक दिया गया है। जब पानी को खोलने की कोशिश की जाती है तो वह दबंग लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर ग्रामीण कंछी सिंह छतर सिंह रिंकू सिंह अशोक कुमार पिंटू सिंह महारानी देवी केला देवी हरिंद्री देवी रामवती कुसुम देवी विमला चमन देवी प्रेमलता आज बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रीन चौपाल, पौधारोपण एवं आम भंडारा कार्यक्रम" का किया सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मोदीनगर रेंज, गाजियाबाद वन प्रभाग के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय चुड़ियाला, ग्राम पंचायत -चुड़ियाला, विकास खण्ड- भोजपुर, गाजियाबाद में "ग्रीन चौपाल, पौधारोपण एवं आम भंडारा कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री कुमार सौरभ, मुख्य विकास अधिकारी,गाजियाबाद ,मुख्य अतिथि एवं पीयूष वर्मा ,खण्ड विकास अधिकारी , प्रदीप कुमार पाण्डेय, जिला परियोजना अधिकारी, गाजियाबाद, सुचिता सिंह, ब्लॉक प्रमुख, भोजपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय नागरिकों को क्षेत्रीय वन अधिकारी (मोदीनगर रेंज) द्वारा वन एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया तथा वन विभाग द्वारा संचालित कार्बन क्रेडिट योजना के लाभों एवं प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।वन विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट का भी वितरण किया गया। अतिथिगण द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही "आम भंडारा कार्यक्रम" के अन्तर्गत ग्रामवासियों एवं बच्चों को आम के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में श्री अमित सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी, मोदीनगर रेंज सहित रेंज का समस्त स्टॉफ, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।







# सहकारिता मंत्रालय गठन के 5वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारिता मंत्रालय द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय गठन के 5वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारिता मंत्रालय द्वारा आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सहकारिता सहकारी सप्ताह के उदघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , विशिष्ठ अतिथि परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला रजिस्टार योगेश कुमार, सहित विधायक व सहकारिता की विभिन्न संस्थाओं के चेयरमैन गण उपस्थित रहे।

# एनवायरमेंट क्लब ने मनाया प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस

**मेरठ।** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट क्लब द्वारा अनूठी पहल की गई। मेरठ कैंट की सदर बाजार सब्जी मंडी में टीम ने आमजन जो सब्जी प्लास्टिक की थैली में ले रहे थे, उन्हें ऐसा करने से रोका और क्लब ने कपड़े के थैले निःशुल्क वितरित किए। इस दौरान क्लब सदस्यों ने मेरठवालों जाग जाओं कपड़ों के थैलों का इस्तेमाल करों, हम सब आगे आएंगे प्लास्टिक को हटाएंगे जैसे जागरूकता भरे नारों से भी लोगों को प्लास्टिक थैले बहिष्कार करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर 100 से अधिक लोगों को प्लास्टिक बैग इस्तेमाल न करने और कपड़े के थैले इस्तेमाल करने का संकल्प दिलाया गया। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने कहा कि आज हमारी धरती और हमारा जीवन प्लास्टिक का गुलाम बन चुका है। हम सभी को जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए कपड़े या जूट से बने थैलों का प्रयोग अधिकाधिक करना चाहिए, क्योंकि सिंगल यूज प्लास्टिक कई वर्षों तक पर्यावरण में जहर घोलने का काम करती है।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने निर्धारित समय से पूर्व घोषित किया सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम, सभी स्कूलों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर अपनी सुदृढ़ शैक्षणिक एवं एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार परीक्षा प्रणाली का परिचय देते हुए जून 2026 में आयोजित सम सेमेस्टर परीक्षाओं का परिणाम निर्धारित समयबद्ध सफलतापूर्वक घोषित कर दिया। समयबद्ध एवं पारदर्शी परीक्षा परिणाम घोषित कर विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सिद्ध किया है।विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय की गुणवत्ता-आधारित शिक्षण एवं मूल्यांकन प्रणाली को सार्थक सिद्ध किया। समयबद्ध परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों को अगले सेमेस्टर, उच्च शिक्षा, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अन्य शैक्षणिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों की तैयारी के लिए पर्याप्त समय प्राप्त होगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा विभाग, संकाय सदस्यों, परीक्षकों, विभागाध्यक्षों तथा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण, अनुशासन और समन्वित प्रयासों की सराहना की, जिनके अथक परिश्रम से मूल्यांकन कार्य पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता एवं गोपनीयता के साथ निर्धारित समय से पहले संपन्न हो सका।इस अवसर पर कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, माननीय प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) परसनजीत कुमार तथा आदरणीय कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने परीक्षा नियंत्रक दीपक भारद्वाज एवं उनकी पूरी टीम एवं उत्कर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख एवं तकनीक-आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रत्येक शैक्षणिक प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी एवं छात्र-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि समय से पूर्व परीक्षा परिणाम घोषित करना विश्वविद्यालय की कार्यकुशलता तथा उत्कृष्ट प्रशासनिक व्यवस्था का प्रमाण है, जिससे विद्यार्थियों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है।



विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगामी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय के आधिकारिक ईआरपी पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# दैनिक बुलन्द संदेश की खबर का हुआ असर, बीमार पेंशनर की पेंशन वृद्धि स्वीकृत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दैनिक बुलन्द संदेश में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार का असर सामने आया है। तीन माह से लंबित एक बीमार पेंशनर की पेंशन वृद्धि स्वीकृत कर दी गई है। इसके बाद संबंधित पेंशनर्स एसोसिएशन ने दैनिक बुलन्द संदेश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाचार के माध्यम से उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंची और सकारात्मक कार्रवाई हुई। उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई 2026 के अंक में "श्री वेद प्रकाश गोयल द्वारा की गई शिकायत के कारण बदले की भावना से रोकी गई वेतनवृद्धि" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद लंबित पेंशन वृद्धि तत्काल जारी कर दी गई। एसोसिएशन के महासचिव रामप्रकाश सारस्वत ने बताया कि 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मिलने वाली पेंशन वृद्धि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन अप्रैल और मई 2026 का एरियर अभी भी लंबित है। उन्होंने दैनिक बुलन्द संदेश का धन्यवाद देते हुए कहा कि समाचार के प्रकाशन से पेंशनर को न्याय मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।
उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित लिपिक राजकमल के विरुद्ध उत्पीड़न, अनावश्यक विलंब तथा एरियर पर ब्याज की वसूली की मांग को लेकर एसोसिएशन का संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही प्रशासन से दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

# बरसात के प्रारंभ होने के साथ निगम ने शुरू की तैयारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें नगर निगम ने बरसात के प्रारंभ होने के साथ-साथ निगम की तैयारी भी प्रारंभ होती दिखाई दे रही हैं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जल भराव के हॉटस्पॉट को चिन्हित करते हुए, नालों एवं पुलियाओं की सफाई, नालों की कनेक्टिविटी, नालों में जाल लगाने का कार्य किया जा रहा है इसी के साथ जोखिम वाले स्थानों का चयन करते हुए बैरिकेटिंग का कार्य भी अनिवार्य रूप से किया जाए नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं, प्रकाश विभाग बरसात के दौरान विद्युत पॉल पर फ्लेक्स लगाकर करंट इत्यादि से सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं' वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्रत्येक दिन नालों की सफाई का कार्य प्राथमिकता पर हो, आवश्यकता अनुसार नालों पर बैरिकेटिग का कार्य सुचारू चले मॉनिटरिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ जोन वार जोनल प्रभारी को भी जिम्मेदारी दी गई है, जिनके ऊपर कार्य की जांच हेतु नोडल अधिकारी बनाए गए हैं जिसमें सिटी जोन के नोडल प्रभारी अधिशासी अभियंता निर्माण विपुल कुमार रहेंगे, कवि नगर जोन के नोडल प्रभारी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज रहेंगे, अधिशासी अभियंता जल सुनील कुमार विजयनगर जोन के नोडल प्रभारी रहेंगे, मोहन नगर जोन के नोडल प्रभारी केपी आनंद महाप्रबंधक जल रहेंगे, वसुंधरा तथा इंदिरापुरम के नोडल प्रभारी एनके चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण को बनाया गया है ' बरसात में जल भराव ना हो निर्माण स्वास्थ्य तथा जलकल विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहा है, अभियान के रूप में प्रमुख मार्गो तथा आंतरिक गलियों में भी मॉनिटरिंग नोडल प्रभारी कर रहे हैं ' नालों से निकली हुई सिल्ट का समय से उठान हो नोडल प्रभारी द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।


# कार्यालय नगर पंचायत बिलासपुर जनपद गौतमबुद्धनगर

पत्रांक : 153 /न0पं0बि0/ निर्माण/ 2026-27 — दिनांकः 01.07.2026

## अति अल्पकालीन ई-निविदा प्रेस नोट

नगर पंचायत बिलासपुर जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य वित्त आयोग/नगर निधि से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत 01 निर्माण कार्य की स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग /राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत /अपंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। जिसके लिए अर्ह ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदाएं ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**Tender Reference Number-01ET/2026-2027**

| S.No | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Downloading Start Date | 03 July 2026 | 05:00 P.M. |
| 2 | Document Downloading End Date | 13 July 2026 | 05:00 P.M. |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 03 July 2026 | 05:00 P.M. |
| 4 | Online Bid Submission Closing Date | 13 July 2026 | 05:00 P.M. |
| 5 | Technical Bid Opening Date | 14 July 2026 | 12:00 P.M. |
| 6 | Financial Bid Opening After Evaluation Of Technical Bids | | |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्य का विवरण, उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (ईएमडी), निविदा मूल्य तथा समय अवधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 03.07.2026 को देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी।

(चारूल यादव)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बिलासपुर
जनपद-गौतमबुद्धनगर

(लता सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बिलासपुर
जनपद-गौतमबुद्धनगर



# कार्यालय जिला पंचायत, बुलन्दशहर

पत्रांक 492/अनुभाग-2/05732-282160/2026-27 — दिनांक : 03 जुलाई, 2026

## ई-निविदा सूचना

जिला पंचायतों के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, बुलन्दशहर द्वारा पन्द्रहवें वित्त आयोग (हेल्थ ग्राण्ट) योजनान्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के भवन निर्माण कार्यों की ई-निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-

| क्रमांक | सूचना का प्रकार | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | समाचार-पत्रों में निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि | 03.07.2026 |
| 2 | ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि | 17.07.2026 |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 17.07.2026 के प्रातः 11:00 बजे से |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 24.07.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक |
| 5 | ऑनलाइन निविदा खोले जाने की तिथि | 24.07.2026 के अपरान्हः 02:00 बजे से |
| 6 | तकनीकी निविदा का मूल्यांकन (Technical Bid Evaluation) | निविदा खोले जाने के पश्चात |
| 7 | वित्तीय निविदा का मूल्यांकन (Financial Bid Evaluation) | तकनीकी निविदा खोले जाने के पश्चात |
| 8 | निविदा के साथ संलग्न मूल अभिलेख जमा करने की अन्तिम तिथि | वित्तीय बिड खोले जाने के पश्चात |

निर्माण कार्यों का विवरण एंव शर्ते किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 04.07.2026 से नोटिस बोर्ड तथा जनपद की वेबसाईट http://bulandshahar.nic.in से डाउनलोड कर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

(राहुल सिंह)
अभियन्ता
जिला पंचायत बुलन्दशहर

(सुधीर कुमार)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत बुलन्दशहर

(डा0 अंतुल तेवतिया)
अध्यक्ष
जिला पंचायत बुलन्दशहर

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ महोदय के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा



महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के द्दष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दिशा में चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है ।

# सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के 14 छात्रों का हुंडई प्रा.लि. में चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यालय द्वारा हुंडई प्राइवेट लिमिटेड के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट अभियान के माध्यम से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) तथा ऑनलाइन लर्निंग (ओएल) कार्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।

चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन, एप्टीट्यूड टेस्ट, संचार कौशल का मूल्यांकन तथा कंपनी की टीम द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए। चयन प्रक्रिया के अंत में 14 विद्यार्थियों का चयन सेल्स एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव और फ्रंट




ऑफिस एग्जीक्यूटिव सहित विभिन्न पदों के लिए किया गया।

चयनित छात्रों में मोहम्मद अहसान अख्तर (एम.ए. राजनीति विज्ञान), सैयद तवैदअली (एम.कॉम), समीर सिंह (एम.कॉम), राखी शर्मा (एम.कॉम), नदीम नजीब (बी.एससी. कंप्यूटर साइंस), मोहम्मद अहमद (बी.एससी. कंप्यूटर साइंस), अब्दुल्लाह जासिम जतिनाइदी (बी.एससी. कंप्यूटर साइंस), वसीउद्दीन (बी.एससी. कंप्यूटर साइंस), मोहम्मद मोहसिन (बी.एससी. कंप्यूटर साइंस), मोहम्मद हम्माद हुसैन (बी.कॉम ऑनर्स), अफजल अब्बास जैदी (बी.कॉम ऑनर्स), सहबा इस्लाम (बी.कॉम ऑनर्स), सुभान बैग (बी.कॉम ऑनर्स) तथा अर्शिल सलीम (बी.कॉम ऑनर्स) शामिल हैं।

सीडीओई के निदेशक प्रो. इकराम खान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफल प्लेसमेंट ड्राइव उद्योग और शिक्षण संस्थान के बीच मजबूत सहयोग तथा नियमित कैंपस भर्ती पहलों के माध्यम से विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. फुरकान खान ने हुंडई प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी ने सीडीओई के विद्यार्थियों को बेहतर करियर अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी केंद्र अपने विद्यार्थियों के लिए इसी प्रकार के प्लेसमेंट अभियान आयोजित करता रहेगा।

# कोचिंग से लौट रहे छात्रों पर चाकू-कैंची से हमला, एक दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र के शाहजमाल में कोचिंग से लौट रहे, दो छात्रों पर मामूली बात पर मरघट रोड पर नामजद कुछ युवकों ने चाकू और कैंची से हमला कर दिया। जिसमें दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। मिली जानकारी के मुताबिक थाना रोरावर क्षेत्र शाहजमान मरघट रोड निवासी रफीक अपने दोस्त हसन के साथ कोचिंग से वापस घर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में कुछ युवकों ने रफीक की टोपी खींच ली। जब छात्रों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें घेर लिया। देखते ही देखते



विवाद इतना बढ़ गया कि हमलावरों ने जेब से चाकू और कैंची निकालकर रफीक पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए हसन को भी आरोपियों ने लहूलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक स्थानीय लोग एकत्र हुए, हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। लहूलुहान हालत में परिजन दोनों घायलों को लेकर थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल कराया।

रोरावर थाना प्रभारी रवि चंद्रवाल ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी को हिरासत में लिया है। वीडियो के आधार पर अन्य फरार हमलावरों की पहचान की जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व गांधी पार्क एवं ऊपरकोट जामा मस्जिद के सामने लहराएगा शहर का तिरंगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आगामी 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहरवासियों में राष्ट्रप्रेम राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के सम्मान की भावना को और अधिक जागृत करने के उद्देश्य से स्थानीय पार्षदो के सुझाव पर महापौर व नगर आयुक्त ने एक महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की है। महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा की पहल पर गांधी पार्क तथा ऊपरकोट जामा मस्जिद शहर के दो प्रमुख स्थलों पर अत्यधिक ऊँचाई वाले राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाएंगे जो शहर के सबसे ऊँचे तिरंगों में शामिल होंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने गत दिनों गांधी पार्क एवं ऊपरकोट जामा मस्जिद के सामने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों स्थानों की भौगोलिक स्थिति सुरक्षा आधार संरचना तथा आमजन की पहुँच का सत्यापन किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से तिरंगा स्थापित की समस्त तैयारियां




प्रारंभ करने के निर्देश दिए। महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा कि शहर के इन दोनों प्रमुख स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज को लगाए जाने की पहल सराहनीय है तिरंगा केवल राष्ट्रध्वज नहीं बल्कि देश की अस्मिता गौरव बलिदान और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि स्थानीय पार्षदो के सुझाव पर ऐसे प्रतिष्ठित स्थलों पर विशाल तिरंगे की स्थापना से युवाओं विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल होगी। साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का संदेश भी मिलेगा। उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा स्वतंत्रता दिवस से पूर्व दोनों स्थलों पर उच्च गुणवत्ता के ध्वज स्तंभ एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी, जिससे राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर शहरवासी आधुनिक गांधी पार्क तथा ऐतिहासिक ऊपरकोट क्षेत्र में शान एवं गौरव के साथ लहराते हुए विशाल तिरंगे के दर्शन कर सकेंगे।

# 2026-परीक्षा अलीगढ़ में 20 केंद्रों पर आयोजित की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का दूसरा दिन जनपद के 20 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई, जिसमें 9,792 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जिला प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

प्रथम पाली में पंजीकृत 9792 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 9037 ने परीक्षा दी जबकि 755 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परिक्षार्थियों की उपस्थिति का प्रतिशत 92.29 रहा। जबकि द्वितीय पाली में पंजीकृत 9792 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 9251 ने परीक्षा दी जबकि 541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



परिक्षार्थियों की उपस्थिति का प्रतिशत 94.48 रहा। इस प्रकार 03 जुलाई को दोनो पालियों में 19584 के सापेक्ष 18288 परिक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1296 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षक और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।

केंद्रों और परीक्षा कक्षों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

# ग्राम सचिवालयों में बैठ रहे लेखपाल,गांव में ही हो रहा राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देशन में जिले में ग्राम सचिवालयों को ग्रामीण जनसेवा का प्रभावी केंद्र बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। शासन के निदेर्शों के क्रम में जिला स्तर पर जारी रोस्टर के अनुसार लेखपाल निर्धारित दिवस पर ग्राम सचिवालयों में उपस्थित होकर आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों को अपने गांव में ही आवश्यक राजस्व सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं




और तहसील मुख्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। शुक्रवार को जनपद के विभिन्न ग्राम सचिवालयों में लेखपालों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, वरासत, खतौनी, भूमि संबंधी अभिलेखों, सत्यापन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए लोगों को मार्गदर्शन प्रदान किया। ग्राम सचिवालयों में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने इस व्यवस्था को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्राम सचिवालयों में लेखपालों की नियमित उपस्थिति से राजस्व सेवाएं गांव के स्तर पर ही सुलभ हो रही हैं, जिससे लोगों का समय और धन दोनों की बचत हो रही है।

उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को रोस्टर का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने और ग्राम सचिवालयों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सचिवालयों में पंचायत एवं राजस्व विभाग के बेहतर समन्वय से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर अधिकाधिक सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# कच्चे आशियाने से आत्मनिर्भरता तक : प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली कश्मीरी देवी के परिवार की तस्वीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी केवल लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह आर्थिक, सामाजिक और सम्मानजनक जीवन की नई शुरूआत का माध्यम भी बन रही है। नगर निगम क्षेत्र के बुद्धविहार, नगला कलार निवासी कश्मीरी देवी का परिवार इसका प्रेरक उदाहरण है, जहां पक्का घर मिलने के बाद जीवन की दिशा ही बदल गई। परियोजना अधिकारी डूडा कौशल कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के तहत विगत 09 वर्ष में 23093 आवासहीनों को लाभान्वित किया गया



है जबकि योजना के द्वितीय चरण में शासन द्वारा 9898 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कश्मीरी देवी बताती हैं कि विवाह के बाद लगभग दस वर्षों तक उनका परिवार किराये और कच्चे मकान में रहने को विवश रहा। परिवार की आजीविका के लिए वह और उनके पति रामबाबू रोजाना बेलदारी का कार्य करते थे। काम की अनिश्चितता, सीमित आय और कच्चे मकान की कठिन परिस्थितियों के कारण परिवार का जीवन लगातार संघर्षों से घिरा रहा। बारिश के मौसम में घर में पानी भर जाता था और जहरीले जीव-जंतुओं का भय हमेशा बना रहता था।

# नीवरी हाउस में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी में लगी भीषण आग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शुक्रवार को महानगर के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के अंतर्गत सरसोल चौराहा स्थित नीवरी हाउस में उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां संचालित एक डिजिटल लाइब्रेरी में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि दूसरी मंजिल से धुएं का गुबार उठने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।



इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि, आग लगने की यह घटना सुबह के समय हुई। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। राहत की बात यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय लाइब्रेरी बंद थी, जिसके कारण एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस अग्निकांड में कुछ पंखे और लाइब्रेरी का अन्य सामान जलकर खाक हो गया है, हालांकि किसी बड़े वित्तीय नुकसान की सूचना नहीं है।

इस घटना ने एक बार फिर व्यावसायिक और सार्वजनिक इमारतों में अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड के बाद से ही अलीगढ़ जिला प्रशासन और अलीगढ़ विकास प्राधिकरण सुरक्षा मानकों को लेकर शहर भर में लगातार जांच अभियान चला रहा है। ऐसे में इस तरह की घटना सामने आना कहीं न कहीं सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही को उजागर करता है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा आसान

**मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए जल्द शुरू होगा नया ऑनलाइन पोर्टल**

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ/अलीगढ़ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान भारत योजना के लाभ को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड बनवाने में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसके तहत जल्द ही एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा, जिससे आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित हो सकेगी।



सूचना निदेशक ने बताया कि जिन मान्यता प्राप्त पत्रकारों ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया है, लेकिन विभिन्न कारणों से उनका कार्ड अभी तक जारी नहीं हो पाया है, वे beneficiary. nha. gov.in पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति देख सकते हैं। यदि पोर्टल पर उनका नाम प्रदर्शित हो रहा है और किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है, तो वे अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक संशोधन करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिन पत्रकारों ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया है अथवा आवेदन करने के बावजूद उनका कार्ड नहीं बन सका है, उनके लिए विभाग शीघ्र ही एक नया ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ करने जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से मान्यता प्राप्त पत्रकार अपने जिले के जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इससे आवेदन प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी तथा पात्र पत्रकारों को आयुष्मान योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल शुरू होते ही इसकी जानकारी सभी जिलों को तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि कोई भी पात्र पत्रकार इस सुविधा से वंचित न रहे।

सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद आयुष्मान कार्ड से जुड़ी अधिकांश व्यावहारिक समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और पत्रकार बन्धुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ सहजता से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के कल्याण और उनकी सामाजिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।

**दिशा-निर्देश** नोडल अधिकारी एम्बुलेंस सेवा डॉ0 एस0 के0 जैन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# जरूरतमंद तक बिना देरी पहुंचे एम्बुलेंसः सीएमओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर पहुंची एम्बुलेंस किसी व्यक्ति के लिए नया जीवन लेकर आती है। इसी संवेदनशीलता को केंद्र में रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एन. सिंह ने जिले की 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं को और अधिक त्वरित, जवाबदेह एवं जनहितैषी बनाने के लिए नोडल अधिकारी एम्बुलेंस सेवा डॉ0 एस0 के0 जैन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 एन0 सिंह ने निर्देशित किया कि प्रत्येक आपातकालीन कॉल को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्राप्त किया जाए और कॉल मिलते ही एम्बुलेंस बिना किसी अनावश्यक विलंब के तत्काल मौके के लिए रवाना हो। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, प्रसव पीड़ा, हृदयाघात अथवा अन्य किसी भी आपात स्थिति में प्रत्येक मिनट अमूल्य होता है। ऐसे में




एम्बुलेंस चालक और ईएमटी केवल अपना कर्तव्य नहीं निभाते, बल्कि मानव जीवन बचाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी निभाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी एम्बुलेंस कर्मी पूरी संवेदनशीलता, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करें, ताकि प्रत्येक जरूरतमंद तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंच सके।

नोडल अधिकारी एम्बुलेंस सेवा डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि जून माह में 102 एम्बुलेंस सेवा पर 15,551 कॉल प्राप्त हुईं। इनमें 15,299 मामलों में एम्बुलेंस की आवश्यकता पाई गई और सभी को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सेवा पूर्ण होने के बाद 8,534 मरीजों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक भी पहुंचाया गया। 102 एम्बुलेंस का औसत रिस्पॉन्स टाइम मात्र 5 मिनट 34 सेकंड रहा, जो आपातकालीन सेवाओं की तत्परता को दशार्ता है। इसी प्रकार 108 एम्बुलेंस सेवा पर जून माह में 6,347 कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें 5,905 मरीजों को तत्काल एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान की गईं। इस सेवा का औसत रिस्पॉन्स टाइम 7 मिनट 09 सेकंड दर्ज किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 एन0 जैन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य केवल मरीज को अस्पताल तक पहुंचाना नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में प्रत्येक नागरिक को यह भरोसा दिलाना है कि उसकी एक कॉल पर स्वास्थ्य विभाग पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ उसके साथ खड़ा है। समय पर पहुंची एम्बुलेंस न केवल एक मरीज की जान बचाती है, बल्कि पूरे परिवार को नई उम्मीद और विश्वास भी देती है। एम्बुलेंस सेवा प्रबंधक मोहम्मद अरशद ने जनपदवासियों को विश्वास दिलाया कि 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाएं प्रत्येक आपात स्थिति में पूरी तत्परता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ लोगों की सहायता के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी संकोच के एम्बुलेंस सेवा का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि कई बार गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय पहुँचाते समय आकस्मिक स्थिति में एम्बुलेंस में ही सकुशल प्रसव भी कराया गया है, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों ही सकुशल रहे हैं।

बीआरसी कार्यालय सभी व्यवस्था दुरुस्त मिली: दीपा भाटी

# बीएसए ने बीआरसी कार्यालय सिंभावली का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बीआरसी कार्यालय सिंभावली बीआरसी कार्यालय का अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले,जो अपने दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन



सिंभावली का अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बीआरसी कार्यालय पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त व संतोषजनक मिली।

आपको बता दें,कि जिले की बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी द्वारा परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण कर वहां व्याप्त खामियों को दूर करने व बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने की ओर प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बीएसए ने दीपा भाटी ने कर रहे थे। बिजली,पानी व साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं ठीक मिली। कार्यालय पर आधार मशीन भी सुचारु रूप से कार्य कर रही है। बीएसए दीपा भाटी ने बताया कि उनके द्वारा सिंभावली बीआरसी कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में सभी व्यवस्था दुरुस्त व संतोषजनक मिली। निरीक्षण के समय खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता व डीसी एमडीएम प्रदीप चौधरी भी मौजूद रहे।

# कांवड यात्रा तैयारी: एसपी ने कांवड मार्गों का भ्रमण कर अधिकारियों को दिये निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/सिंभावली।** शुक्रवार को जनपद की सदर उपजिलाधिकारी इला प्रकाश व सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता सिंह ने संयुक्त रूप से कांवड मार्गों का निरीक्षण करने के उपरांत ग्राम छपकौली स्थित श्री श्यामेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण किया गया।

आपको बता दें,कि आगामी कांवड

**सदर एसडीएम व सीओ ने कांवड मार्गों व शिवालय का किया निरीक्षण**

यात्रा को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने कांवड यात्रा से सम्बंधित तैयारियां शुरू कर दी है। जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड मार्गों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही कांवड यात्रा से सम्बंधित तैयारियों को समय से पूर्ण करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। शुक्रवार को जनपद की सदर एसडीएम इला प्रकाश व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता सिंह ने संयुक्त रूप से






कांवड मार्गों का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत ग्राम छपकौली स्थित श्री श्यामेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण किया गया। एसडीएम इला प्रकाश ने बताया कि उनके व सीओ द्वारा कांवड मार्गों व शिवालय का निरीक्षण किया गया। कांवड यात्रा से सम्बंधित तैयारी कराने के लिए निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे कांवड यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियों का पूर्ण किया जा सके,और शिव भक्तों को किसी



परेशानी का सामना नहीं करना पड़ें।

वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने सिंभावली में कांवड मार्गों का भ्रमण कर बैरिकेटिंग, लाईट,सीसीटीवी कैमरे व यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करने के उपरांत पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया,कि कांवड यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर लें,लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# आम महोत्सव : मुख्यमंत्री ने हापुड़ जनपद के एफपीओ का किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ,हापुड़।** लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय आम महोत्सव में जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर तहसील के किसान उत्पादक संगठन ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रदेश के प्रगतिशील आम उत्पादकों को प्रोत्साहित

**अब हापुड़ के आम को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मिलेगी नई पहचान**

करने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में जनपद हापुड़ के एफपीओ को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया।

यह सम्मान जनपद के आम उत्पादकों की मेहनत,नवाचार एवं उद्यान विभाग हापुड़ के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। इस उपलब्धि में जनपद हापुड़ के जिला उद्यान विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, जैविक खेती, समूह आधारित विपणन तथा एफपीओ सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभाग के मार्गदर्शन में किसानों



ने गुणवत्तायुक्त एवं बाजारोन्मुखी आम उत्पादन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

महोत्सव के तीसरे दिन राजभवन,लखनऊ में आयोजित होने वाली बायर-सेलर मीट में हापुड़ जनपद के प्रगतिशील कृषक हर्षवर्धन त्यागी प्रदेश भर के उद्यान विशेषज्ञों,व्यापारियों एवं निर्यातकों के समक्ष जैविक आम उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन,एफपीओ मॉडल तथा विपणन के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करेंगे। उनका संबोधन अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत होगा,हापुड़ के आम को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

जिला उद्यान अधिकारी डा.हरित कुमार ने कहा कि जनपद के आम उत्पादकों को उच्च गुणवत्ता,जैविक उत्पादन,मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन से जोड ? के लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। यह सम्मान केवल एक एफपीओ का नहीं, बल्कि पूरे जनपद हापुड़ के बागवानी क्षेत्र की उपलब्धि है। विभाग भविष्य में भी किसानों की आय बढ़ाने तथा हापुड़ को उत्कृष्ट आम उत्पादन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# मजदूरी मांगना पड़ा भारी,महिला से मारपीट,एसपी से मांगा इंसाफ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मजीदपुरा निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मजदूरी का बकाया भुगतान मांगने पर मारपीट,गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का

**महिलाओं की सुरक्षा के सरकारी दावों के बीच पीड़िता ने निष्पक्ष कार्रवाई की उठाई मांग**

आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शिकायत के बावजूद स्थानीय पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उसने न्याय की उम्मीद में पुलिस अधीक्षक की शरण ली है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में नफीसा पत्नी तसलीम ने बताया कि उनके पति एक व्यक्ति के यहां जूते-चप्पल की गढ़ाई का कार्य करते थे। इस कार्य का लगभग चार माह का 84 हजार भुगतान संबंधित व्यक्ति पर बकाया है। आरोप है कि 1 जुलाई 2026 को हिसाब-किताब करने के बहाने



उन्हें संबंधित व्यक्ति के घर/कारखाने पर बुलाया गया।

पीड़िता का आरोप है कि वहां पहुंचते ही मेहर आलम, मेहर आलम के तीनों दामाद तथा उनके साथ मौजूद अन्य लोगों ने एक राय होकर उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर महिला को बचाया। घटना के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद वह शिकायत लेकर पुलिस चौकी और नगर कोतवाली पहुंची,लेकिन उनकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। महिला का कहना है कि उसने पूर्व में भी पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजी थी,लेकिन उस पर भी आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

महिला ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष लगातार उसे और उसके परिवार को धमकियां दे रहा है,जिससे परिवार भय के माहौल में जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिले में 6 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती,डीएम से मिली मंजूरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** शासनादेश के अनुपालन में जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की नई तैनाती कर दी गई है। जिलाधिकारी कविता मीना की मंजूरी के बाद सहायक आयुक्त खाद्य ने 6 अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्र आवंटित किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय चन्द्र शेखर मिश्रा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक श्री राम प्रकाश गंगवार को नगर पालिका पिलखुआ क्षेत्र,मोहित कुमार को तहसील धौलाना क्षेत्र,विपिन कुमार सिंह को नगर पालिका हापुड़ जोन-01 क्षेत्र,सोवेन्द्र सिंह पंघाल को नगर पालिका हापुड़ जोन-02 क्षेत्र,रामेश्वर प्रसाद गुप्ता को तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र तथा सहरिश



सादात को हापुड़ देहात क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह तैनाती की गई है। सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की जांच, नमूना संग्रह और मिलावटखोरी रोकने के लिए कार्रवाई करेंगे। त्योहारी सीजन के मद्देनजर होटल, ढाबा, मिष्ठान भंडार और डेयरी प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखें।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय ने निर्देश दिए हैं कि मानक के विपरीत खाद्य सामग्री मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। आमजन से अपील की,कि वह मिलावटी खाद्य पदार्थ की शिकायत विभाग के टोल फ्री नंबर पर दर्ज करा सकते हैं।

# सदर विधायक के प्रयास से हापुड़ में 14 स्थानों पर बनेंगी इंटरलॉकिंग पटरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भाजपा सदर विधायक विजय पाल आढ़ती के प्रयासों से हापुड़ विधानसभा क्षेत्र में 14 स्थानों पर

- **एनजीटी ने दी 16.67 करोड़ से इंटरलॉकिंग पटरी बनाने को दी मंजूरी**
- **विधान सभा क्षेत्र का समुचित विकास कराया ही लक्ष्य:विजयपाल**

इंटरलॉकिंग साइड पटरी निर्माण को एनजीटी विभाग ने मंजूरी दे दी है। इन कार्यों पर कुल 16 करोड़ 67 लाख 88 हजार रुपये खर्च होंगे। जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू कराया जाएगा। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने बताया कि हापुड़ के बुलंदशहर रोड पर तहसील चौराहे से बायीं ओर फिरोज बिल्डिंग तक 1.98 करोड़, तहसील चौराहे से दायीं ओर रामपुर रोड तक 1.70 करोड़ व दिल्ली रोड पर सबली गेट से बायीं ओर बालाजी मंदिर तक1.96 करोड़ ,कलेक्ट्रेट के पीछे से अंबेडकर चौराहा,बीकानेर वालों की ओरः 1.57 करोड़,तिरुपति गार्डन से सबली गेट तक बायीं ओरः 72.67 लाख,तिरुपति गार्डन से सबली गेट तक दायीं ओरः 72.67 लाख तथा मोदीनगर रोड पर अंबेडकर तिराहे से रेलवे अंडरपास,आलोक कॉलोनी तक 1.28 करोड़,फ्लाईओवर के नीचे से गुरुद्वारे तक1.02 करोड़, फ्लाईओवर के नीचे 29 लाख, मेरठ रोड मोड़ से ब्लॉक तक बायीं ओरः 33.76 लाख व गढ़ रोड पर



रेलवे लाइन से ततारपुर बाईपास तक दायीं ओर 1.79 करोड़,रेलवे लाइन से ततारपुर बाईपास तक बायीं ओर 1.79 करोड़ तथा वार्ड 33 सिकंदर गेट में पुलिया से एमएस गार्डन तक दायीं ओर 91.89 लाख,पुलिया से एमएस गार्डन तक बायीं ओर 91.89 लाख रुपए निर्माण पर खर्च होंगे। विधायक विजय पाल आढ़ती ने कहा कि सड़क किनारे पटरी बनने से राहगीरों को सुविधा मिलेगी और जलभराव की समस्या खत्म होगी। उन्होंने कार्यों की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराकर शहर की सूरत बदली जाएगी। हापुड़ विधान सभा का समुचित विकास कराना ही उनका लक्ष्य है।

समापन — अभियान में चिन्हित 85 ग्रामों में घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कार्य किया गया

# सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समापन


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गत 24 मार्च 2026 से संचालित सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुक्रवार को समापन किया गया। जनपद प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, निजी

**-205 स्क्रीनिंग शिविरों में 21820 लोगों की स्क्रीनिंग की गई**

चिकित्सकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सहयोगी विभागों के संयुक्त प्रयासों से अभियान को सफल बनाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशोर कुमार आहूजा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षय रोग (टीबी) के रोगियों की शीघ्र पहचान, जांच, उपचार तथा जनसामान्य में टी0बी0 के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जनपद



के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर टी0बी0 स्क्रीनिंग, संभावित रोगियों की पहचान,सैंपल संग्रहण एवं निःशुल्क जांच की गई। साथ ही टीबी रोगियों को उपचार हेतु आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले समूहों पर विशेष ध्यान देते हुए सेन्ट्रल टी 0बी0 डिवीजन दिल्ली द्वारा चिन्हित 85 ग्रामों में घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कार्य भी संपन्न किया गया। चिन्हित ग्रामों के अलावा होटलों एवम् कंपनियों आदि को मिलाकर कुल 205 स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया है शिविरों में 21820 लोगो की स्क्रीनिंग की गई जिसमें हैंड हेल्ड एक्स रे मशीनों द्वारा 15943 लोगो का एक्स रे कराया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि जनपद में अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी कार्य किया गया,तथा बड़ी संख्या में लोगों को टीबी के लक्षणों, बचाव एवं उपचार के संबंध में जागरूक किया गया। टीबी एक पूर्णतःउपचार योग्य बीमारी है,और समय पर जांच एवं नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा समस्त स्वास्थ्य विभाग की और से जनपदवासियों से अपील की है,कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, बुखार,वजन कम होना, रात में पसीना आना अथवा अन्य टीबी संबंधी लक्षण दिखाई दें तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क जांच कराएं।

# जिलाध्यक्ष,विधायक व डीएम ने गुरुद्वारा में निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर में नक्का कुआं स्थित गुरुद्वारा परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य का भाजपा जिलाध्यक्ष,विधायक व जिलाधिकारी ने विधिवत पूजा-

**गढ़मुक्तेश्वर में गुरुद्वारा में पर्यटन विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है**

अर्चना के साथ शुभारंभ किया।

शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे,गढ़ विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया व जिलाधिकारी कविता मीना गढ़मुक्तेश्वर स्थित नक्का कुंआ स्थित गुरुद्वारा पहुंचे,जहां पर्यटन विभाग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि यह कार्य न केवल





श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देगा, बल्कि गढ़मुक्तेश्वर के धार्मिक एवं पर्यटन विकास को नई ऊंचाई देगा। प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण,सौंदर्यीकरण और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने हेतु संकल्पबद्ध है। वहीं कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष,विधायक व जिलाधिकारी को गुरुद्वारा का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, गणमान्य नागरिकों व क्षेत्रवासियों मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे प्लॉट न. L-896 क्षे. 32 वर्ग मीटर, स्थिति आनन्द विहार हापुड़, का मूल आवंटन व कब्जा पत्र और पूर्व दो असल विक्रय पत्र दिनांकी 15.9.2018 जिसकी रजिस्ट्री सब रजिस्ट्रार हापुड़ में जिल्द न. 10734 क्रमांक न.6066 व 6069 पर हुई थी, वह मुझसे ग्राम काठीखेड़ा से मण्डी हापुड़ रोड पर दिनाँक 9.5.2022 को गिर गए थे तथा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले। मैने उक्त की लिखित सूचना थाना हापुड़ देहात 13.5.2022 को प्राप्त कराई थी लेकिन लिखित FIR दर्ज नहीं हो पाई थी इसलिए मैने अब उक्त के खोने के लिए लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट न. 20260000657743 दिनांक 3.7.2026 को दर्ज करा दी है।

**प्रार्थी- श्री जैकी कुमार पुत्र श्री चिरंजी लाल**
**निवासी ग्राम काठीखेड़ा जिला हापुड़।**

## सम्पादकीय


# बड़ी कीमत भावी पीढ़ियों को चुकानी होगी



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

सरकारों का ऋण लेना अपने-आप में समस्या नहीं है, बशर्ते निवेश उत्पादक योजनाओं या दीर्घकालिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में हो। मगर, फिलहाल ज्यादातर रकम का इस्तेमाल नकदी ट्रांसफर के लिए हो रहा है।

वोट खरीद योजनाएं का असर जाहिर होने लगा है। पिछले वित्त वर्ष में राज्य सरकारों ने बाजार से 15.2 फीसदी ज्यादा कर्ज उठाया। ज्यादा कर्ज लेने की होड़ का असर ब्याज दरों पर दिखा। मतलब यह कि अब सरकारों को अधिक महंगी दर पर ऋण लेना पड़ रहा है। भारत सरकार को दस साल के बॉन्ड बेचने के लिए अब लगभग सात प्रतिशत की दर से ब्याज देने पड़ रहे हैं। सरकारों का ऋण लेना अपने-आप में समस्या नहीं है, बशर्ते जुटाई गई रकम का निवेश उत्पादक योजनाओं या दीर्घकालिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में हो रहा हो। मगर, अपने देश में फिलहाल इनमें से बड़ी रकम का इस्तेमाल मतदाताओं के खाते में नकदी ट्रांसफर के लिए हो रहा है। मार्केट रिसर्च एजेंसी क्राइसिल के मुताबिक 2019 तक सिर्फ चार राज्यों में कैश ट्रांसफर की योजनाएं थीं, जबकि अब 28 राज्यों और केंद्र शासित दिल्ली में इन्हें चलाने का बोझ सरकारों पर है। प्रोजेक्टडीप नामक एक संगठन की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक 2015 के बाद से ऐसी योजनाओं पर सरकारी खर्च में 20 गुना से भी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। ये व्यय अब दो लाख 85 हजार करोड़ रुपये सालाना तक पहुंच चुकी है। यह भी गौरतलब है कि ये सारी रकम सिर्फ कर्ज लेकर नहीं जुटाई गई है। बल्कि एक्सिस रिसर्च ने पिछले साल अपनी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा था कि इस बजट का बहुत बड़ा हिस्सा सरकारों की व्यय प्राथमिकता में परिवर्तन लाकर और राजकोषीय घाटा बढ़ाते हुए पूरा किया गया है। व्यय प्राथमिकता में परिवर्तन का मतलब है कि दीर्घकालिक एवं मानव विकास की योजनाओं का बजट काट कर प्रत्यक्ष नकदी ट्रांसफर की योजनाएं बढ़ाई गई हैं। चूंकि सरकारें ऐसी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन नहीं करवातीं, इसलिए यह सामने नहीं आ पाता है कि मतदाताओं को तुरंत मिलने राहत की कितनी बड़ी कीमत भावी पीढ़ियों को चुकानी होगी। अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रह्मण्यम ने इन योजनाओं को 'नई कल्याणकारी दृष्टिइ कहा है। इससे मतदाताओं को महसूस होता है कि उनके लिए कुछ किया गया है। लेकिन यह किस कीमत पर हुआ है, यह बताने वाला उनके आसपास कोई मौजूद नहीं होता!




# मोदी का 'मिशन 360': सत्ता के सुपर बहुमत की राजनीति या लोकतंत्र का नया अध्याय?



विनोद कुमार सिंह

भारतीय राजनीति में इन दिनों एक शब्द तेजी से चर्चा के केंद्र में है - मोदी महामिशन मिशन 360'। यद्यपि भारतीय जनता पार्टी ने इस नाम से किसी आधिकारिक अभियान की घोषणा नहीं की है, फिर भी सत्ता और विपक्ष के राजनीतिक गलियारों में यह धारणा तेजी से मजबूत हो रही है कि भाजपा आगामी वर्षों में संसद के दोनों सदनों में ऐसा संख्याबल अर्जित करने की रणनीति पर काम कर रही है,जिससे न केवल राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो, बल्कि संवैधानिक एवं नीतिगत सुधारों को भी अपेक्षाकृत सहजता से आगे बढ़ाया जा सके।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल अगले चुनाव की तैयारी नहीं,बल्कि दीर्घकालिक राजनीतिक वर्चस्व की रणनीति का हिस्सा हो सकता है।वही दूसरी ओर विपक्ष इसे लोकतांत्रिक संतुलन के लिए चुनौती बताते हुए आरोप लगा रहा है कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों में राजनीतिक सेंध लगाने का प्रयास कर रहा है।सत्य चाहे जो हो,इतना स्पष्ट है कि भारतीय राजनीति एक नए संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहाँ चुनावी जीत के साथ-साथ संसदीय गणित, गठबंधन प्रबंधन और संवैधानिक व्याख्याएँ भी सत्ता की दिशा तय कर रही हैं।भारतीय संविधान किसी भी राजनीतिक दल को व्यापक जनादेश प्राप्त करने से नहीं रोकता।लोकतंत्र का मूल आधार ही जनता का विश्वास है।यदि कोई दल चुनाव जीतकर या वैधानिक गठबंधन के माध्यम से बहुमत प्राप्त करता है तो उसमें कोई असंवैधानिकता नहीं है।किंतु जब बहुमत प्राप्त करने की प्रक्रिया विपक्षी दलों में टूट,निर्वाचित प्रतिनिधियों के दल परिवर्तन अथवा राजनीतिक पुनर्संरेखण के माध्यम से आगे बढ़ती दिखाई देती है,तब लोकतांत्रिक नैतिकता पर बहस स्वाभाविक हो जाती है।यही कारण है कि आज ' मोदी महामिशन 360' केवल एक राजनीतिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की दिशा को लेकर उठ रहे अनेक प्रश्नों का प्रतीक बन चुका है।लोकसभा में साधारण बहुमत सरकार चलाने के लिए पर्याप्त होता है,किंतु संविधान संशोधन जैसे विषयों पर विशेष बहुमत आवश्यक है।संविधान के अनुच्छेद 368 के अंतर्गत अनेक संशोधनों के लिए दोनों सदनों में विशेष बहुमत चाहिए तथा कुछ मामलों में आधे राज्यों की स्वीकृति भी आवश्यक होती है।

इसलिए किसी भी सरकार के लिए केवल सत्ता में बने रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि संसद में व्यापक संख्याबल भी राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।इसी संदर्भ में राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि महिला आरक्षण कानून के पूर्ण क्रियान्वयन ,परिसीमन,"एक देशझ एक चुनाव",प्रशासनिक सुधार तथा भविष्य के अन्य संवैधानिक विषयों को देखते हुए भाजपा अपनी संसदीय शक्ति को और विस्तृत करना चाहती है।ज्ञायत्व रहे कि भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नया अध्याय नहीं है।वर्ष 1967 में हरियाणा के विधायक गयालाल के बार-बार दल बदलने के बाद "आया राम,गया राम" भारतीय राजनीति का स्थायी मुहावरा बन गया।इसी राजनीतिक अस्थिरता को रोकने के लिए 1985 में संविधान की दसवीं अनुसूची के माध्यम से दल-बदल विरोधी कानून लागू किया गया। बाद में 91वें संविधान संशोधन (2003) ने इसे और कठोर बनाया।

फिर भी पिछले एक दशक की राजनीति ने यह दिखाया कि कानून होने के बावजूद राजनीतिक पुनर्संरचना पूरी तरह नहीं रुकी।सबसे बड़ा उदाहरण महाराष्ट्र रहा। पहले शिवसेना में विभाजन हुआ और बाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट गई।इन घटनाओं ने केवल सरकार नहीं बदली,बल्कि दल-बदल कानून की व्याख्या, विधानसभा अध्यक्ष की संवैधानिक भूमिका,निर्वाचन आयोग की शक्तियों तथा सर्वोच्च न्यायालय की सीमाओं पर भी व्यापक बहस छेड़ दी।सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि निर्वाचित जनादेश और संवैधानिक मयार्दा दोनों की रक्षा आवश्यक है, किंतु अनेक परिस्थितियों में अंतिम निर्णय विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र से भी जुड़ा रहता है। इससे यह संदेश गया कि आज राजनीतिक लड़ाई केवल विधानसभा या संसद में नहीं, बल्कि न्यायालयों में भी लड़ी जा रही है।मध्य प्रदेश में सरकार परिवर्तन,कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन तथा विभिन्न राज्यों में दल-बदल की घटनाओं ने यह स्थापित किया कि संख्या का खेल अब केवल चुनाव परिणामों से तय नहीं होता, बल्कि चुनाव के बाद की राजनीतिक रणनीति भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो चुकी है।पश्चिम बंगाल भी इस बहस का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।विधानसभा चुनाव के पहले और बाद में कई नेताओं के दल बदलने की घटनाएँ सामने आईं।कुछ नेता तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए,जबकि बाद में कुछ पुनः वापस लौटे।इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा किया कि क्या भारतीय राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता कमजोर हो रही है और चुनावी गणित अधिक प्रभावी बनता जा रहा है।दिल्ली और पंजाब की राजनीति में भी समय-समय पर आम आदमी पार्टी के कुछ सांसदों और नेताओं के संबंध में विभिन्न प्रकार की राजनीतिक अटकलें सामने आती रही हैं।हालाँकि अधिकाँश मामलों में न तो इन चचाओं की आधिकारिक पुष्टि हुई और न ही वे निर्णायक राजनीतिक घटनाक्रम में बदलीं,लेकिन इससे यह संकेत अवश्य मिलता है कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रत्येक सांसद और प्रत्येक क्षेत्रीय दल भविष्य के सत्ता समीकरण का संभावित हिस्सा माना जा रहा है।यहीं से ' मोदी महामिशन 360' की चर्चा को बल मिलता है।यदि किसी राजनीतिक दल का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं,बल्कि संसद में इतना व्यापक समर्थन प्राप्त करना हो कि भविष्य के बड़े संवैधानिक एजेंडे को भी आगे बढ़ाया जा सके, तो स्वाभाविक रूप से उसकी रणनीति केवल चुनावी प्रचार तक सीमित नहीं रह सकती।यद्यपि भाजपा इस प्रकार की राजनीतिक चचाओं पर सार्वजनिक रूप से संयमित रुख अपनाती रही है,लेकिन विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई,राजनीतिक दबाव और सत्ता के प्रभाव का उपयोग विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है।दूसरी ओर भाजपा का तर्क रहा है कि यदि विपक्ष के नेता स्वयं उसके साथ जुड़ते हैं तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही हिस्सा है और जनता अंततः चुनाव में इसका निर्णय करती है।यहीं भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा होता है -क्या दल बदलना जनादेश का सम्मान है या जनादेश का पुनर्लेखन?संविधान विशेषज्ञों का एक वर्ग मानता है कि भारतीय संविधान किसी सांसद या विधायक को आजीवन किसी दल से बंधा रहने का आदेश नहीं देता,किंतु दसवीं अनुसूची का उद्देश्य व्यक्तिगत राजनीतिक लाभ के लिए निर्वाचित जनादेश को बदलने से रोकना अवश्य है।इसलिए यदि कानून की भावना और राजनीतिक व्यवहार के बीच लगातार दूरी बढ़ती है,तो भविष्य में दल-बदल विरोधी कानून की पुर्नसमीक्षा की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता।भारतीय राजनीति का मौजूदा दौर केवल सरकार और विपक्ष के बीच टकराव का नहीं, बल्कि राजनीतिक संगठन क्षमता, नेतृत्व,वैचारिक विस्तार और संसदीय अंकगणित की प्रतिस्पर्धा का भी है।पिछले एक दशक में भाजपा ने स्वयं को केवल एक चुनावी दल के रूप में नहीं,बल्कि देशव्यापी संगठन के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है।पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार,दक्षिण भारत में बढ़ती राजनीतिक सक्रियता,नए सामाजिक समूहों तक पहुंच और क्षेत्रीय दलों के साथ व्यावहारिक गठबंधन उसकी इसी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा माने जाते हैं।

## मुखर हुआ विश्वास

मौन अधर पर था कभी, नयनों में थी पीर।
अब स्वर बने बोलती, बदली खुद तकदीर॥

बंधन जितने बाँधते, उतनी बढ़ती शान।
अंतर की ज्वाला बनी, साहस की पहचान॥
आँसू अब दुर्बल नहीं, बनते हैं शमशीर–
अब स्वर बने बोलती, बदली खुद तकदीर॥

आँसू से इतिहास ने, लिखे अनेक बयान।
अब संघर्षों की कलम, रचती नव अभियान॥
हर बाधा को जीतकर, हुई स्वयं जागीर–
अब स्वर बने बोलती, बदली खुद तकदीर॥

घर-आँगन की धूप भी, वह जीवन की छाँव।
उसके श्रम से महकता, हर मौसम, हर गाँव॥
ममता उसकी शक्ति है, साहस बना लकीर–
अब स्वर बने बोलती, बदली खुद तकदीर॥

शिक्षा ने दी रोशनी, खोले नूतन द्वार।
ज्ञान बना अब साथ में, सपनों का आधार॥
चूल्हे से संसद तलक, गूँजा उसका नीर–
अब स्वर बने बोलती, बदली खुद तकदीर॥

अन्यायों के सम्मुख वह, बन जाती तूफान।
सत्य, साहस, स्वाभिमान, उसकी नई पहचान॥
अब ना रोकेगी उसे, कोई भी जंजीर–
अब स्वर बने बोलती, बदली खुद तकदीर॥

मौन नहीं अब नियति है, मुखर हुआ विश्वास।
स्त्री स्वर से गूँजता, नवयुग का आकाश॥



नर-नारी जब सँग चले, लेकर सम-अधिकार।
तब ही सच्चे अर्थ में, होगा जग साकार॥


डॉ. प्रियंका सौरभ

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# टूटते रिश्ते और बदलती पारिवारिक संरचना



डॉ.विजय गर्ग

परिवार मानव समाज की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। यह केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सहयोग और साझा मूल्यों का आधार होता है। सदियों से भारतीय समाज में संयुक्त परिवार व्यवस्था सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की धुरी रही है। किंतु आधुनिक समय में पारिवारिक संरचना तेजी से बदल रही है और रिश्तों में पहले जैसी आत्मीयता और स्थिरता दिखाई नहीं देती। यह परिवर्तन केवल जीवनशैली का नहीं, बल्कि सामाजिक सोच और मानवीय मूल्यों में आए बदलाव का भी संकेत है।

**संयुक्त परिवार से एकल परिवार तक**

एक समय था जब कई पीढ़ियाँ एक ही छत के नीचे रहती थीं। दादा-दादी, माता-पिता और बच्चे मिलकर जीवन के सुख-दुख साझा करते थे। संयुक्त परिवार में सामूहिकता, सहयोग और आपसी समझ का वातावरण होता था। आज रोजगार, शिक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती आकांक्षाओं के कारण एकल परिवारों का चलन बढ़ गया है। इससे व्यक्तिगत स्वतंत्रता तो बढ़ी है, लेकिन सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा का दायरा सिमट गया है।

**बदलती जीवनशैली और समय का अभाव**

आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार ने लोगों को अत्यधिक व्यस्त बना दिया है। नौकरी, व्यवसाय और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के बीच परिवार के लिए समय निकालना कठिन होता जा रहा है। परिवार के सदस्य एक ही घर में रहते हुए भी एक-दूसरे से संवाद करने के बजाय मोबाइल फोन और सोशल मीडिया में अधिक समय बिताते हैं। परिणामस्वरूप रिश्तों में निकटता और भावनात्मक जुड़ाव कम होने लगा है।

**व्यक्तिवाद का बढ़ता प्रभाव**

आज के समाज में व्यक्तिगत उपलब्धियों और स्वतंत्रता को अधिक महत्व दिया जा रहा है। लोग अपने निर्णय स्वयं लेना चाहते हैं और पारिवारिक हस्तक्षेप को सीमित रखना पसंद करते हैं। यह प्रवृत्ति कई बार पारिवारिक सामंजस्य को प्रभावित करती है। जब व्यक्तिगत इच्छाएँ सामूहिक हितों पर हावी हो जाती हैं, तब रिश्तों में टकराव और दूरियाँ पैदा होने लगती हैं।

**पीढ़ियों के बीच बढ़ती खाई**

नई और पुरानी पीढ़ी के विचारों में व्यापक अंतर दिखाई देता है। बुजुर्ग पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक मयार्दाओं को महत्व देते हैं, जबकि युवा आधुनिकता, स्वतंत्रता और नई जीवनशैली को अपनाना चाहते हैं। यदि दोनों पीढ़ियों के बीच संवाद और समझ का अभाव हो, तो यह मतभेद रिश्तों में तनाव का कारण बन सकता है।

# लोकतंत्र तानाशाही और राजतंत्र



जुनैद मलिक अत्तारी

लोकतंत्र (डेमोक्रेसी ) शब्द ग्रीक भाषा के दो शब्दों 'डेमोस' और 'क्रैटोस' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है - जनता की शक्ति या जनता का शासन। प्रसिद्ध अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के अनुसार, लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है।लोकतंत्र तानाशाही और राजतंत्र (जहाँ एक व्यक्ति या छोटे समूह का शासन होता है) के बिल्कुल विपरीत है। यह स्वतंत्रता, समानता, और भाईचारे के मूल्यों को बढ़ावा देकर एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करता है। लोकतांत्रिक देशों में नागरिकों को विचार, अभिव्यक्ति, संगठन बनाने, और धर्म पालन करने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है। इन अधिकारों की रक्षा के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका होती है।लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं होता। सभी नागरिकों के लिए समान कानून और एक जैसी न्यायिक व्यवस्था होती है। लोकतंत्र का वैश्विक उदय–स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, अधिकांश नागरिकों के लिए नागरिक स्वतंत्रताएँ और निर्वाचित कार्यपालिका पर संस्थागत नियंत्रण–शायद इसका सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक विकास था। लोकतंत्र, जो विश्व के अधिकांश देशों के लिए वैचारिक रूप से आकर्षक था, प्रगति और समृद्धि दोनों का प्रतीक प्रतीत होता था। एक चौथाई सदी बाद, लोकतंत्र अब वैश्विक आदर्श नहीं रहा। इसके बजाय, लोकलुभावन नेताओं के कार्यों के माध्यम से दुनिया भर में लोकतंत्र का क्षरण हो रहा है, जो बहुसंख्यक राष्ट्रवाद का उपयोग करके कार्यपालिका पर नियंत्रण को समाप्त कर रहे हैं और सशक्त नागरिक स्वतंत्रताओं को कम कर रहे हैं।दुनियाभर में नागरिक भी लोकतंत्र में अपना विश्वास खो रहे हैं।कुछ लोगों का मानना ??है कि लोकतंत्र के आदर्श के रूप में कमजोर होने का एक कारण यह है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं सामाजिक प्रगति प्रदान करने में कमजोर साबित हो रही हैं। इस बात पर संदेह बढ़ता जा रहा है कि क्या लोकतंत्र प्रभावी रूप से विकास को बढ़ावा देता है, गरीबी को कम करता है और स्वस्थ, अधिक शिक्षित और हिंसा-मुक्त समाजों का निर्माण करता है। चीन जैसे निरंकुश शासनों की असाधारण आर्थिक वृद्धि इस संदेह को और बल देती है। इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे दुनिया के कुछ सबसे पुराने लोकतांत्रिक देशों में, राजनीतिक ध्रुवीकरण के कारण नागरिक तेजी से अपनी पार्टी की राजनीतिक सत्ता तक पहुंच को उन सशक्त स्वतंत्रताओं से अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं जो लोकतंत्र की पहचान हैं।सीधे शब्दों में कहें तो, आज नागरिक और नीति निमार्ता दोनों ही इस बात से कम चिंतित हैं कि लोकतंत्र क्या है, बल्कि इस बात से अधिक चिंतित हैं कि लोकतंत्र क्या करता है और क्या नहीं करता है।जोसेफ शुम्पीटर ने अपनी पुस्तक 'पूंजीवाद, समाजवाद और लोकतंत्र' (1942) में लिखा




है कि लोकतंत्र राजनीतिक निर्णय लेने की वह संस्थागत व्यवस्था है जिसमें व्यक्ति जनता के मत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक संघर्ष के माध्यम से निर्णय लेने की शक्ति प्राप्त करते हैं। लेकिन इस न्यूनतम परिभाषा के लिए भी अधिकांश नागरिकों का सर्वोच्च राजनीतिक पद के लिए मतदान करने में सक्षम होना और बोलने, लिखने और सभा करने के लिए कानूनी सुरक्षा का होना आवश्यक है, जो मूल रूप से सरकारी प्रतिस्पर्धा को सक्षम बनाती है , साथ ही कार्यकारी शक्ति पर क्षैतिज प्रतिबंधों का होना भी आवश्यक है जो निर्वाचित नेताओं को निरंकुश शासक घोषित करने से रोकते हैं। लोकतंत्र केवल चुनाव नहीं है, बल्कि संस्थानों का एक समूह है जो चुनावों के बीच लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करता है।अधिकांश शोध दशार्ते हैं कि लोकतंत्र से मनुष्यों का जीवनकाल लंबा होता है, शिक्षा के वर्ष बढ़ते हैं, घरेलू शांति को बढ़ावा मिलता है और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है।1995 से 2019 के बीच उप-सहारा देशों पर किए गए शोध से पता चलता है कि लोकतंत्र का लाभ लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के साथ-साथ व्यापक सामाजिक सामंजस्य पर भी निर्भर करता है। पूरे अफ्रीका में, शिशु मृत्यु दर में कमी केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही दिखाई देती है, संभवतः इसलिए क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के होने के कारण राजनेताओं को ग्रामीण मतदाताओं को प्राथमिकता देने के लिए चुनावी प्रोत्साहन मिलता है। सामान्य तौर पर, गरीब और सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रणालियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले सार्वजनिक लाभों का हिस्सा मिलने की संभावना कम होती है।अधिकांश नागरिक चाहते हैं कि सरकारें उनके बच्चों को ऐसे शैक्षिक अवसर प्रदान करें जो समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करें। आय को ध्यान में रखते हुए, कई विद्वानों ने ठोस रूप से पाया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं विभिन्न क्षेत्रों और समय अवधियों में अधिक वर्षों की शिक्षा प्रदान करती हैं। हाल के वैश्विक शोध से पता चलता है कि जब कोई शासन व्यवस्था सबसे कम लोकतांत्रिक से सबसे अधिक लोकतांत्रिक श्रेणी में जाती है, तो स्कूली शिक्षा औसतन 1.3 वर्ष बढ़ जाती है।किसी भी सरकार का सबसे बुनियादी कार्य हिंसा पर एकाधिकार सुनिश्चित करना होता है। सभी नागरिक शारीरिक सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनी सीमाओं के भीतर और अन्य लोकतांत्रिक राज्यों के साथ हिंसक संघर्ष को कम करने की अधिक संभावना रखती हैं, हालांकि निरंकुश राज्यों के साथ ऐसा नहीं होता।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास कम होगा, औषधि, रेडीमेड वस्त्र व्यवसाय, मेनेजमेंट क्षेत्र में अच्छी प्रगति होगी कोई चीज मिलते हुए रह सकती है। भाग्य प्रतिशत-57

**वृषभ** — जीवन साथी की तरफ से परेशान रहेंगे, नौकरी में उच्चाधिकारियों से प्रशंसा मिलेगी, शिक्षा का लोन चुकाने में दिक्कत होगी। भाग्य प्रतिशत-55

**मिथुन** — चलते व्यवसाय में परेशानी आएगी, पेंक्रिया, पथरी, दंत रोग समस्या सम्भव हैं, अच्छे कर्म पर ध्यान देंगे, शिक्षण, किताब, वकालत कार्य उत्तम चलेगा। भाग्य प्रतिशत-59

**कर्क** — मन अशांत रहेगा, करियर को लेकर चिंता रहेगी, कार्यों में लगे रहे जी ना चुराए, खेतीबाड़ी, मीडिया, तकनीकी कार्य में सफलता मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-51

**सिंह** — संतान की ओर से चिंतित रहेंगे, प्रोपर्टी लेने, बेचने में सावधानी रखें, वाहन में खराबी सम्भव है, नौकरी में अच्छा पैकेज मिल मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-60

**कन्या** — भारी वजन ना उठाए, मार्केटिंग, कम्प्यूटर, प्रिंटिंग कार्य व्यवसाय में मध्यम उन्नति होगी यात्रा में मोबाइल,पर्स, सामान का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-53

**तुला** — कार्य में भूल करने से बचें, माता का ध्यान रखें, नौकरी, इम्पोर्ट एक्सपोर्ट, खेल, जिम सामान व्यवसाय में लाभ होगा, स्टेटस बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**वृश्चिक** — क्रिएटिव कार्य करेंगे, चुनाव का सामान, रिटेल, टॉनिक निर्माण कार्य चलेगा,किसी थेरेपी से व्यक्तित्व में निखार आएगा, पैसे खर्च करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**धनु** — आध्यात्मिक गुरु बदल सकते हैं, पैसे को मौके की प्रोपर्टी में पैसे लगा सकते हैं सावधान भी रहें। भाग्य प्रतिशत-79

**मकर** — बाहर बसना चाहेंगे परेशानी भी रहेगी, पैसे की किल्लत सम्भव हैं, करियर में सम्मान बढ़ेगा, लोगों के बीच पहचान बनेगी। भाग्य प्रतिशत-67

**कुंभ** — परिवार,धन कमाने पर पूरा फोकस करेंगे, पैसे को सही जगह लगाएंगे, संतान का कुछ शुभ करने की तैयारी करेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**मीन** — लेटलतीफी से बचें, अपने मन की बात कहना चाहेंगे, नौकरी से खुश नहीं होंगे, अपने व्यवसाय के लिए पूरा होमवर्क शुरू करेंगे। भाग्य प्रतिशत-57



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने जारी किया 501 पृष्ठों का टैरिफ आदेश, वर्ष 2026-27 की बिजली दरों और वितरण कंपनियों की वित्तीय व्यवस्था को दी मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने राज्य की सभी प्रमुख विद्युत वितरण कंपनियों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता, बिजली दरों तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विस्तृत आदेश जारी कर दिया है। 501 पृष्ठों के इस आदेश में वर्ष 2024-25 के शुल्क समायोजन, वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा तथा वर्ष 2026-27 के लिए नई राजस्व आवश्यकता और विद्युत दरों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

आयोग ने यह आदेश विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 एवं 64 के अंतर्गत जारी किया है। यह आदेश दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (आगरा), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (लखनऊ), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (मेरठ), पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (वाराणसी) तथा कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड की ओर से प्रस्तुत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद पारित किया गया।

आदेश में वर्ष 2024-25 के वास्तविक राजस्व एवं व्यय का समायोजन, वर्ष 2025-26 के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा तथा वर्ष 2026-27 के लिए वितरण कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता का विस्तृत आकलन किया गया है। आयोग ने बिजली खरीद व्यय, राज्य के भीतर पारेषण शुल्क, संचालन एवं अनुरक्षण व्यय, पूंजी निवेश, ऋण पर ब्याज, मूल्यह्रास, कार्यशील पूंजी पर ब्याज, बैंकिंग एवं वित्तीय प्रभार, गैर-शुल्क आय, सरकारी अनुदान तथा वितरण कंपनियों के राजस्व अंतर सहित विभिन्न वित्तीय पहलुओं पर विस्तार से निर्णय दिया है।

# आरक्षी यातायात पुलिस हेतु परिवहन विभाग विषयक व्याख्यान कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिजर्व पुलिस लाईन्स, गाजियाबाद के परमजीत हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 186 आरक्षी यातायात पुलिस को परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रदान किया गया। व्याख्यान के दौरान प्रशिक्षुओं को परिवहन विभाग की संगठनात्मक संरचना एवं कार्यप्रणाली, मोटरयान अधिनियम, 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियमों के प्रमुख प्रावधान, वाहनों के पंजीकरण Registration) की प्रक्रिया, विभिन्न प्रकार के परमिट एवं उनकी आवश्यकता, ड्राइविंग लाइसेंस (DL) एवं वाहन पंजीकरण प्रमाण-पत्र (RC) से संबंधित नियम, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन संबंधी अभिलेखों व ड्राइविंग लाईसेंस के निलंबन प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधान, सड़क दुर्घटनाओं के उपरांत मोटर वाहन निरीक्षक (MVI) द्वारा की जाने वाली तकनीकी जांच की प्रक्रिया एवं उसका महत्व, तथा सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस एवं परिवहन विभाग के मध्य समन्वित प्रवर्तन कार्यवाही की आवश्यकता, उद्देश्य एवं व्यावहारिक पहलुओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त आरक्षियों को वाहन चेकिंग के दौरान अपनाई जाने वाली वैधानिक प्रक्रिया, ओवरलोडिंग, बिना परमिट एवं बिना फिटनेस संचालित वाहनों के विरुद्ध की जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त भूमिका, डिजिटल प्रवर्तन प्रणाली, ई-चालान व्यवस्था तथा प्रभावी प्रवर्तन के माध्यम से सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उपायों से भी अवगत कराया गया।



व्याख्यान के उपरांत आरक्षियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उनके द्वारा पूछे गए विभिन्न व्यावहारिक एवं विधिक प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस संवाद के माध्यम से पुलिस एवं परिवहन विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आरिक्षयों ने व्याख्यान में गहरी रुचि दिखाई तथा विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस प्रकार का प्रशिक्षण भविष्य में प्रभावी प्रवर्तन, विधिसम्मत कार्यवाही तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान अशोक कुमार श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद, विवेक कुमार खरवार, सम्भागीय निरीक्षक (प्रावि०) गाजियाबाद द्वारा प्रदान किया गया। भवदीय (अशोक कुमार श्रीवास्तव) सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद।

# भाई की मौत की जांच की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** पूर्व सभासद लोकेश कुमार ढोडी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उनके छोटे भाई युवराज ढोडी ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि घटना के कई महीने बीत जाने के बावजूद परिवार को अब तक दुर्घटना से संबंधित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में युवराज कुमार ढोडी ने बताया कि गोविंदपुरी निवासी उनके बड़े भाई लोकेश ढोडी की गत वर्ष 17 नवंबर को मुरादनगर क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के लगभग सात माह बाद भी परिवार को एफआर, पंचनामा और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। साथ ही संबंधित मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी भी परिजनों को नहीं दी गई है। पत्र में यह भी




उल्लेख किया गया है कि लोकेश ढोडी तीन बार नगर पालिका के सभासद रह चुके थे और सामाजिक व जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। और अपने जीवनकाल में उनके भाई क्षेत्र में भूमि संबंधी कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाते रहे थे तथा इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें भी देते रहे थे। युवराज ढोडी ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि लंबे समय से अपेक्षित दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध न होने के कारण परिवार न्याय की उम्मीद में प्रशासनिक कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कराकर तथ्य सामने लाने की मांग की है।

# न्यायालयी आदेशों की अनदेखी का आरोप, डीएम से हस्तक्षेप की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** शहर के एक होटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में देवेंद्र कुमार ने अपनी भूमि से जुड़े विवाद को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों पर न्यायालयी आदेशों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्रकारों को उच्च न्यायालय, सिविल न्यायालय के आदेशों तथा जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र की प्रतियां दिखाते हुए मामले में निष्पक्ष हस्तक्षेप और न्यायालयी आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

प्रेस वार्ता में देवेंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि ग्राम कादराबाद स्थित खसरा संख्या 147/2 एवं उससे संबंधित उनकी भूमि को लेकर लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया चल रही है। उनके अनुसार इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वर्ष 2006 में तथा सिविल जज (सीनियर डिवीजन) गाजियाबाद ने वर्ष 2019 में आदेश पारित करते हुए विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार के अनधिकृत कब्जे या हस्तक्षेप से बचने के निर्देश दिए थे। देवेंद्र कुमर ने दावा किया कि दोनों न्यायालयों के आदेश आज भी प्रभावी हैं। प्रेस वार्ता के दौरान देवेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि न्यायालयी आदेशों की जानकारी होने के बावजूद कुछ अधिकारियों की सहमति से उक्त भूमि पर अधिवक्ताओं के लिए चैंबर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उनका कहना था कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को प्रकरण की जानकारी दी और भूमि की पैमाइश सहित अन्य



मामलों पर आपत्ति दर्ज कराई। लेकिन उनकी शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदेड़ को शिकायती पत्र सौंपा गया है। जिसमें न्यायालयी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने, विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार की निर्माण गतिविधि रोकने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। देवेंद्र कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी संस्था या व्यक्ति का विरोध करना नहीं है, बल्कि न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का सम्मान और विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराना है। उन्होंने प्रशासन से समय रहते हस्तक्षेप कर विवाद का समाधान कराने की अपेक्षा जताई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी जटिलता उत्पन्न न हो।

प्रेस वार्ता में राजकुमार ढींगरा, डॉ दीपक ढींगरा, रमेश खुराना आदि मौजूद थे।

# छात्राओं ने लिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में शुक्रवार को नगर पालिका और स्वच्छ भारत मिशन के सहयोग से प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने छात्राओं से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। डॉ सारिका गर्ग ने छात्राओं को प्लास्टिक कचरे से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान की जानकारी देते हुए प्रकृति संरक्षण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की सीख दी। वहीं नगर पालिका एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने भी स्वच्छता अभियान, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त भारत की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की और स्वच्छ परिसर तथा स्वच्छ शहर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अमरेश कुमार, दिनेश कुमार, अर्पित गोयल, समीर, दीपांशु सैनी, शिवानी कुंडू, आशीष वत्स, मनीष, विपिन कृष्णपाल सहित कॉलेज की शिक्षिकाएं अनीता कौशिक, अनीता खन्ना, खुशबू, गर्गी, गीता त्यागी और शिवानी शर्मा उपस्थित रहीं।





# खबर का असर: विद्युत विभाग ने तार शिफ्ट कर हटाया जर्जर पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बेगमाबाद स्थित बड़ा बाजार में लंबे समय से खणरा बना जर्जर विद्युत पोल आखिरकार शुक्रवार को हटा दिया गया। दैनिक बुलंद संदेश समाचार पत्र में इस समस्या से संबंधित समाचार शुक्रवार को प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद विद्युत विभाग हरकत में आया तथा पुराने पोल पर लगे विद्युत तारों को नए सीमेंटेड पोल पर स्थानांतरित कर जर्जर पोल को मौके से हटा दिया। गौरतलब है कि संजय समोसे वाले की दुकान के सामने स्थित लोहे का विद्युत पोल नीचे से गलकर सड़क की ओर झुक गया था। इस समस्या पर भी समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने कुछ सप्ताह पूर्व नया सीमेंटेड पोल तो लगा दिया था, लेकिन विद्युत लाइनें अब भी पुराने जर्जर पोल के सहारे ही संचालित हो रही थीं। इससे बाजार क्षेत्र में दुकानदारों, राहगीरों और आसपास के लोगों में लगातार भय बना हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना था कि तेज हवा या बारिश की स्थिति में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने लगातार आवाज उठाई थी। शुक्रवार को समाचार प्रकाशित व वायरल होने के बाद विद्युत विभाग की टीम हरकत में आई और मौके पर पहुंची। टीम ने जर्जर खंबे पर लगे सभी तारों को नए पोल पर शिफ्ट कर दिया। इसके बाद पुराने एवं जर्जर पोल को हटा दिया। विद्युत विभाग की कार्रवाई के बाद स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने राहत की सांस ली है। उमेश चौधरी, सतेंद्र सैन, संजय शर्मा, महेश वर्मा, डॉ राजेश जायसवार, सतीश माहेश्वरी समेत अनेक स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान होने से संभावित दुर्घटना टल गई।


नया विद्युत पोल लगा,लेकिन खतरा अब भी बरकरार




# एसआरएम में अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटिंग सम्मेलन का आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली-एनसीआर कैंपस में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा स्प्रिंगर पब्लिकेशंस के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय 14वें अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटिंग सम्मेलन-2026) का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। 3 और 4 जुलाई तक चलने वाले इस सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ आधुनिक कंप्यूटिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो डॉ संजय कुमार धुरंधर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, सेमीकंडक्टर तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्र भारत के तकनीकी भविष्य को नई दिशा देंगे तथा ह्यविकसित भारत-2047ह्ण के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने युवाओं को अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अमेरिका, सिंगापुर और मलेशिया सहित विभिन्न देशों के शोधकताओं ने अपने शोध प्रस्तुत किए। सम्मेलन के लिए प्राप्त 300 शोध-पत्रों में से 50 उत्कृष्ट शोध-पत्रों का चयन प्रकाशन के लिए किया गया है। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। आयोजकों के अनुसार यह सम्मेलन शोध, नवाचार और उद्योग-जगत तथा शिक्षण संस्थानों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कार्यक्रम में डीन डॉ आरपी महापात्रा, डॉ धोम्या भट्ट, डॉ ए गीता भवानी, डॉ नवीन अहलावत सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# केसी त्यागी को नई जिम्मेदारी मिलने पर दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रदेश महासचिव सौंदा रोड निवासी रणवीर दहिया ने पार्टी के नवमनोनीत संसदीय बोर्ड अध्यक्ष केसी त्यागी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दीं। इस दौरान संगठन की भावी रणनीति, जनहित के मुद्दों तथा पार्टी की मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

भेंट के दौरान रणवीर दहिया ने कहा कि केसी त्यागी का लंबा राजनीतिक अनुभव राष्ट्रीय लोकदल को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा कार्यकताओं को प्रभावी नेतृत्व प्राप्त होगा। रणवीर दहिया ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह द्वारा केसी त्यागी को संसदीय बोर्ड की जिम्मेदारी सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व अनुभवी और समर्पित नेताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। बैठक के दौरान किसान, नौजवान और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान कैसी त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं।



शुभारम्भ — यह पहल संस्थान की सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है

# आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कॉलेज द्वारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, मुरादनगर में फिजियोथेरेपी क्लीनिक का शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कॉलेज द्वारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में एक नवीन फिजियोथेरेपी क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। यह पहल संस्थान की सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसका उद्देश्य ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारियों एवं उनके परिवार वालो को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण फिजियोथेरेपी की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। क्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमलेश कुमार कार्यकारी निदेशक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर एवं अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ अनुपम रॉय चैधरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में।आई.टी.एस. -दी एजुकेशन ग्रुप के निदेशक जनसंपर्क सुरेन्द्र सूद, आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम. थगराज एवं फिजियोथेरेपी विभाग के अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य भी उपस्थित थे। फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ अनुपम रॉय चौधरी ने फिजियोथेरेपी सेवाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। इस फिजियोथेरेपी क्लीनिक के माध्यम से मरीजों को न्यूरोलॉजिकल, आर्थोपेडिक, बाल एवं वृद्धजन पुनर्वास सहित विभिन्न प्रकार की निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की जायेगी।

अंत में संस्थान की ओर से आई.टी.एस.-दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति इस सराहनीय कार्य के प्रति आभार प्रकट किया गया, जिनके मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सतत सहयोग से यह सराहनीय कार्य सफलतापूर्वक हो सका है।





# बर्खास्त विद्युत कर्मचारी को उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत, विद्युत निगम से चार सप्ताह में जवाब तलब

**लखनऊ। ( आरएनएस )** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) से बर्खास्त कर्मचारी राघवेन्द्र प्रताप को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से राहत मिली है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं अन्य प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।यह मामला रिट-ए संख्या 5375/2026 (राघवेन्द्र प्रताप बनाम उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं अन्य) से संबंधित है, जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा की एकल पीठ ने की।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता उपेन्द्र कुमार सागर, कौशेन्द्र प्रताप सिंह और प्रताप सिंह ने पक्ष रखा, जबकि प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्ता मनीष जौहरी एवं आलोक सारन उपस्थित रहे।याचिका में 23 जून 2025 तथा 15 अप्रैल 2026 को जारी बर्खास्तगी आदेशों को चुनौती देते हुए उन्हें निरस्त किए जाने की मांग की गई है।

साथ ही, याचिकाकर्ता ने पूर्व पद पर कार्य करने की अनुमति, नियमानुसार वेतन तथा अन्य सेवा लाभ प्रदान करने का अनुरोध भी किया है।न्यायालय ने प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# स्कूल चलो अभियान-चेयरपर्सन शशि जैन ने कहा-तालीम से ही तरक्की संभव

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)** । नगर के गांधी मूर्ति चौराहे पर 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए अमरोहा चेयरपर्सन शशि जैन ने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, "सभी अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी तालीम जरूर दिलाएं, क्योंकि तालीम से ही तरक्की संभव है।शिक्षा से ही जीवन में उजियारा फैलता है और समाज में फैली बुराइयां खत्म होती हैं।जिस देश के बच्चे शिक्षित होते हैं, वही देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है।

अभियान के दौरान परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के साथ-साथ तय्यब जूनियर हाई स्कूल और सरदार हामिदी तालीमी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे हाथों में शिक्षा से जुड़ी प्रेरक पंक्तियों की तख्तियां लेकर चल रहे थे और गगनभेदी नारों के साथ लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे थे। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में चेयरपर्सन शशि जैन के साथ मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. मोनिका, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश गोला, ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों, भाजपा नेता प्रेम सिंह सैनी भूप सिंह पूर्व भाजपा अध्यक्ष बृजेश चौधरी और मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सय्यद कमर नकवी, इफ्तेखार अनीस सलीम जाफर,समर अयाज ,सैफ सिद्दीकी एड. सहित कई गणमान्य लोग और शिक्षक मौजूद रहे।

# मुशायरे का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नौगांवां सादात /अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )**। बीती रात नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नईम अहमद की जानिब से बज्म-ए-खुलफाए राशिदीन की जेरे निगरानी बाद नमाज-ए-इशा मदरसा अंसारुल उलूम,नई बस्ती में एक अखिल भारतीय नातिया व मनकबती मुशायरे का आयोजन किया गया।इस से पूर्व बाद नमाज-ए-मगरिब सहाबा-ए-किराम रज़ियल्लाहु अन्हुम की मोहब्बत में एक छोटा सा जुलूस भी निकाला गया और बाद नमाज-ए-इशा मुशायरे का बाकायदा आगाज हुआ, जिसमें मकामी और अन्य शहरों से तशरीफ लाए मुमताज शुअराए किराम ने शिरकत फरमाई।मुशायरे की सदारत मुफ़्ती अब्दुर्रहमान कासमी ने फरमाई, जबकि निजामत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद अखलाक और नाज़िम-ए-मुशायरा मुजाहिद हुसैन हबीबी ने की। प्रोग्राम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन-ए-मजीद, हम्द-ए-बारी तआला और नात-ए-रसूल-ए-मकबूल स व से हुआ। इसके बाद शुअरा-ए-किराम ने बारगाह-ए-रिसालत में नजराना-ए-अकीदत पेश करते हुए अपने कलाम सेश्रोताओं के दिल जीत लिए।

मुशायरे में पढ़े गए कुछ अशआर इस प्रकार हैं।

"वहाँ फरिश्ते कभी भी नहीं उतरते हैं,
दुरूद पढ़ने का जिस घर में एहतिमाम नहीं।"
(जिगर नौगाँवी)

"उन पर पढ़िए दुरूद कसरत से, है यकीं ख़्वाब में आका की ज़ियारत होगी।
ज़िंदगी तुम गुजारो सुन्नत पर, मेरा ईमान है महशर में शफाअत होगी।"
(दिल खैराबादी)

"चौदह सदी के बाद भी कायम है आज तक,
रुतबा हुसैन को जो ननिहाल से मिला।
पहले से बावकार है हैदर की शख्सियत,
लेकिन जो मर्तबा मिला, ससुराल से मिला।"
(उस्मान मैनाई)



"दिल में उतरने लगने लगता है चेहरा हुजूर का,
जब देखता हूँ गुम्बद-ए-खजरा हुजूर का।"
(वसीम बाराबंकी)

"सफर हिजरत का जारी है पहाड़ों की चटानों पर,
बिठाए हैं नबी को हजरत-ए-सिद्दीक शानों पर।"
(कलीम तारिक सैदनपुर .

"करने आखिरी सज्दा खाके-ए-नैनवा तुझ पर,
कर्बला में आया है फातिमा का शहजादा।"
(मुजम्मिल हयात)

"इश्क-ए-रसूल होता है उसका ही मुकम्मल,
इश्क-ए-सहाबा जिसने भी दिल में बसा लिया।"
(शकील इब्ने नजर)

"दीन की हिमायत में आप जब निकल आए,
आया कस्त्र-ए-बातिल में जलजला, उमर फारूक।"
(अब्दुस्सत्तार राही)

"बरोज-ए-महशर जवाब लेगा, हर एक शै का हिसाब लेगा।
अमल के खाने में जीरो-जीरो लिखा जो पाया तो क्या करोगे?"
(कारी जुबैर भोपाली)

"उस्मान, हैदर, हमजा, खालिद सब आका के दीवाने हैं,
सारे सहाबा में सिद्दीक का रुतबा एक तरफ।"
(कारी अशफाक बहराइची)

"मुहब्बत उसको कहते हैं, जुदाई ऐसी होती है,
जमीं का वक़्त न गुजरा मुहम्मद से जुदा होकर।"
(फैसल अंसारी नौगाँवी)

"देख लूँ मैं रोजे को, चूम लूँ मैं जाली को,
ऐ फजील! आका के घर की ऐसी चाहत है।"
(फजील अंसारी)

"कलाम-ए-पाक में रब ने जहाँ वालों से यह फरमाया,
जमाअत आप के जैसी किसी की हो नहीं सकती।"
(तल्हा खालिद नौगाँवी)

"जर्रार! बस उसी को जन्नत नसीब होगी,
जिसने पढ़ा है दिल से कलिमा मेरे नबी का।"
(जर्रार नौगाँवी)

प्रोग्राम में हजारों की तादाद में रसूलुल्लाह स व और सहाबा-ए-किराम से मोहब्बत करने वालों ने शिरकत की।मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर कारी मुहम्मद यामीन,मौलाना दिलदार,मुफ़्ती मुईनुद्दीन,कारी अब्दुल हफीज,नईम अहमद पूर्व चेयरमैन, फजील लाऊजी, मुफ़्ती इरफान अहमद ,मुफ़्ती शम्सुद्दीन,हाजी रईस, हाजी यूसुफ तथा अन्य शख्सियात ने शिरकत फरमाकर प्रोग्राम की रौनक में इजाफा फरमाया।

हाफिज मुहम्मद फरमान और मौलाना रिजवान की निगरानी में यह प्रोग्राम कामयाबी के साथ जारी रहा।आखिर में मुफ़्ती अब्दुर्रहमान कासमी की दुआ पर प्रोग्राम का इख्तिताम हुआ।

# रिश्तों पर भारी पड़ रही अपेक्षाएं, बढ़ रहे तलाक के मामले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)**। शादी को भारतीय समाज में दो परिवारों और दो व्यक्तियों के बीच विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारियों का बंधन माना जाता है। लेकिन बदलती जीवनशैली, बढ़ती अपेक्षाएं, आर्थिक दबाव, समय की कमी और संवाद का अभाव कई रिश्तों को कमजोर कर रहा है। इसका असर यह है कि पहले की तुलना में वैवाहिक विवाद और तलाक के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। विशेषज्ञ परिवार परामर्श दात्री श्वेता गुप्ता का मानना है कि रिश्तों में केवल आर्थिक स्थिति ही नहीं, बल्कि आपसी समझ, धैर्य और संवाद की कमी भी तनाव का बड़ा कारण बन रही है। कई बार छोटी-छोटी गलत फहमियां समय रहते दूर न होने पर बड़े विवाद का रूप ले लेती हैं।

**बदलती जीवनशैली, संवाद की कमी और बढ़ती अपेक्षाओं से कमजोर हो रहे वैवाहिक रिश्ते, विशेषज्ञ बोले- विश्वास और धैर्य ही हैं मजबूत दांपत्य की नींव**



सोशल मीडिया, व्यस्त दिनचर्या और एक-दूसरे के लिए कम समय निकालना भी रिश्तों पर असर डाल रहा है। साथ ही समाजशास्त्रियों के अनुसार, किसी भी रिश्ते की मजबूती का आधार विश्वास, सम्मान और एक-दूसरे की भावनाओं को समझना है। मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन बातचीत और संयम से अधिकांश समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि विवाह को केवल औपचारिक संबंध न मानकर साझेदारी के रूप में निभाया जाए। एक-दूसरे को समय देना, खुलकर संवाद करना और कठिन परिस्थितियों में साथ खड़े रहना ही रिश्तों को लंबे समय तक मजबूत बनाए रख सकता है।

# निशुल्क अस्थमा जांच शिविर में मरीजों को बचाव व उपचार की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)**। जायंट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली की ओर से बीएस हॉस्पिटल में निशुल्क अस्थमा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को अस्थमा के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच और उपचार के लिए प्रेरित करना था।



शिविर में डॉ. शशांक के निर्देशन में जितेंद्र सिंह ने अस्थमा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने जांच कराई और चिकित्सकों से बीमारी के बचाव, नियमित जांच एवं उचित उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधुलता तोमर ने की। इस दौरान डॉ. सुधा चौधरी, अंजू राजपूत, सीमा वर्मा, रीता बुदियाल, अनुराधा गोयल, मुन्नी देवी सक्सेना, जयंती शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ओ लेवल व ट्रिपल सी करने के इच्छुक, फार्म करे ऑनलाइन

संदेश ब्यूरो ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )**। संभल जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया, कि निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण उ०प्र० लखनऊ द्वारा निर्गत समय सारिणी अनुसार जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जो एक वर्षीय "ओ" लेवल एवं तीन माह का सी०सी०सी० कम्प्यूटर का कोर्स करने के इच्छुक हों तथा निम्नांकित योग्यता / शर्तें पूर्ण करते हों वह कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण - अधिकारी ब्लाक परिसर कलैक्ट्रेट कम्पांउड बहजोई में सम्पर्क करके विभाग की वेवसाइड Backwardwelfare.up.nic.in एवं obccomputer training.upsdc.gov.in पर से दिनांक 10 जुलाई तक अपना ऑनलाइन आवेदन भरकर, व अभिलेखों को अपलोड कराकर उसका प्रिन्ट आउट प्राप्त करके आय एवं जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एवं हाईस्कूल तथा इण्टर की मार्कशीट की छायाप्रति लगाकर आवेदन पत्र दो प्रतियों में दिनांक 10 जुलाई को शाम पांच बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ब्लाक परिसर कलैक्ट्रेट कम्पांउड बहजोई में जमा करा दें।

**जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में करे संपर्क, अंतिम तिथि 10 जुलाई**




**शर्तें व आवेदन करने के लिए क्या करें**

1-इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से आय सीमा अधिकतम एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए।

2- ओ लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम होना चाहिए।

3-आवेदक की उम्र 35 वर्ष से अधिक न हो। 4-आवेदक बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति नहीं लेता हो। 5-आवेदक पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित होना चाहिए।

# दूसरे दिन भी उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता से नकल विहीन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)**। दूसरे दिन भी उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता से नकल विहीन किया गया। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट )-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव एवं जिलाधिकारी अमरोहा डॉ.नितिन गौड़ द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, स्ट्रॉन्ग रूम, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने, अभ्यर्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समन्वित रूप से सतत निगरानी रखते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जा रहा है।आज की परीक्षा की पहली पाली में सात प्रतिशत और शाम की पाली में आठ प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग नहीं किया।



# श्रीराम कथा में भगवान के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी**। श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास परम पूज्य संत श्री अयोध्यादास रामायणी (ऋषिकेश) ने भगवान श्रीराम के अवतार, बाल लीलाओं, महर्षि विश्वामित्र के आगमन तथा श्रीराम-लक्ष्मण के वनगमन का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने ताड़का वध, यज्ञ रक्षा और धर्म स्थापना के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मयार्दा, सेवा और धर्म का संदेश देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष और भजनों से भक्तिमय रहा। इस मौके पर सुधीर मल्होत्रा, गगन अरोड़ा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोड़ा, मोनू अदलखा, चंदन खन्ना, रमेश सपरा, पवन वार्ष्णेय, अमन मल्हन, ऋतिक अदलखा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंचायत घर, आंगनबाड़ी केंद्र और मकानों में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा, दो गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)**। असमोली थाना पुलिस ने पंचायत घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों और बंद पड़े मकानों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का राजफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी का सामान, नकदी, जेवर, इन्वर्टर, बैटरियां, फ्रिज, प्रिंटर, स्टेबलाइजर तथा चोरी की बाइकों के पार्ट्स भी बरामद किए हैं।

आरोपितों ने पूछताछ में संभल, अमरोहा, मुरादाबाद और दिल्ली में चोरी की कई वारदातें कबूल की हैं। असमोली थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिवालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और घरों से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। जिसमें चार मार्च को गांव सैंधर निवासी संदीप कुमार के घर से एक गैस सिलिंडर, इन्वर्टर, बैटरी सहित अन्य सामान चोरी चोरी हुआ था। 29 मई को गांव डौंडी निवासी अमित के घर से नगदी व सोने-चांदी के जेवर चोरी हुए थे। पांच जून को गांव रचेटा निवासी अकरम व सीमा के घर से नगदी व सोने-चांदी के जेवर ले गए थे। 28 जून को गांव रचेटा निवासी कादिर खान ने पंचायत घर से दो बैटरियां, एक इन्वर्टर व स्टेबलाइजर चोरी होने की तहरीर दी थी। 30 जून गांव डौंडी निवासी चंद्रशेखर की सूचना पर गांव डौंडी के पंचायत घर से दो बैटरियां व एक इन्वर्टर चोरी कर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी संजीव गिरि के नेतृत्व में पुलिस टीम चोरी की घटनाओं की जांच में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की तड़के गांव नरैटा मोहम्मदपुर चौराहे से मुबारकपुर बंद जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पतई खालसा निवासी कुलदीप और असमोली थाना क्षेत्र के गांव राजा गालिबपुर निवासी मुस्कुरान रूप में हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे लंबे समय से बंद पड़े मकानों, पंचायत घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आरोग्य मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करते थे।



गांव डौंडी, रचेटा, सैंधरी और भवालपुर समेत कई गांवों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। आरोपितों ने बताया कि मुरादाबाद, अमरोहा और दिल्ली से भी बाइकें चोरी की थीं।

जो बाइक नहीं बिकती थीं, उनके पार्ट्स अलग-अलग कर बेच देते थे। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी के जेवर, नकदी, इन्वर्टर, बैटरियां, स्टेबलाइजर, प्रिंटर, फ्रिज, बाइक और उनके चेसिस सहित अन्य सामान बरामद किया है। आरोपितों ने स्वीकार किया कि चोरी का कुछ सामान राह चलते लोगों को बेच दिया था और उससे मिले पैसों से अपने शौक व खर्च पूरे करते थे। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी का सामान खरीदने वालों की भी तलाश कर रही है।

**लापरवाही** | **लापरवाही के चलते अस्पतालों में हो रही मौतें, स्वास्थ्य विभाग मौन**

# इलाज के दौरान हुई युवक की मौत के मामले में तीसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई**। अस्पतालों में लगातार लापरवाही के चलते हो रही मौतें स्वास्थ्य विभाग वे खबर आखिर कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग। ऐसा ही एक मामला बहजोई के एक निजी ड्रामा में उपचार के दौरान मौत का मामला सामने आया है, जहां इलाज कराने आया कारपेंटर खुशी मोहम्मद की मौत के मामले में तीसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।

वहीं पोस्टमार्टम के बाद शाम को पुलिस की निगरानी में परिजनों की ओर से कारपेंटर के शव को दफना दिया गया था।

**इलाज के दौरान मौत का क्या है पूरा मामला**

मृतक अपनी पित्त की थैली में दिक्कत होने के चलते इलाज कराने अचलपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निकट हाईवे किनारे स्थित एक निजी अस्पताल में आया था जहां डाक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया था , वहीं परिजनों का आरोप है कि डाक्टर ने पांच दिनों तक उसकी जांच कराते रहे।

मृतक के भाई ने बताया की जाचों के बाद में बुधवार को 12 बजे मेरे भाई का ऑपरेशन कर दिया गया इसके बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो अस्पताल के स्टाफ की ओर से परिजनों को बिना बताये एंबुलेंस से हायर सेंटर रेफर करने की कोशिश की गई ,जब मुझे पता तब मैंने एंबुलेंस को रोक कर देखा तो उसमें मेरा भाई मृत अवस्था में पड़ा हुआ था।




उसने बताया की इलाज के दौरान लापरवाही बरतने के चलते मेरे भाई की मौत हुई है, वहीं परिजनों का कहना है कि पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कारण जाने के लिए बुधवार को शाम पुलिस को तहरीर दी गई है,परिजनों का आरोप है कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा घायल अवस्था में मिले लापता बालक के संबंध में घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)**। पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा घायल अवस्था में मिले लापता बालक के संबंध में घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की गई,संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को प्रातः लगभग 06:30 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कमलजीत पुत्र बंटी, निवासी ग्राम नरथो, थाना डिडौली, जनपद अमरोहा अपने घर से अचानक लापता है।सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी-5356 तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस द्वारा त्वरित खोजबीन के दौरान बालक गांव के समीप एक खेत में घायल अवस्था में मिला, जिसके शरीर पर कुछ चोटों के निशान पाए गए। प्रभारी निरीक्षक थाना डिडौली मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे तथा बालक को तत्काल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जोया में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक द्वारा साक्ष्यों के वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष संकलन, प्रत्येक पहलू की गहन जांच तथा घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।घायल बच्चा अभी ब्यान देने योग्य नहीं है इसलिए पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। प्रकरण में सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों की गहनता से जांच की जा रही है। प्राप्त साक्ष्यों एवं जांच के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला,टाटा मोटर्स ने लिए युवाओं के साक्षात्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** बदायूं-मुरादाबाद रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शुक्रवार को टाटा मोटर्स की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इसमें विभिन्न ट्रेडों के छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार देकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया।

कंपनी के प्रतिनिधि मनीष साटला ने अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लेने के साथ उन्हें तकनीकी कौशल विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसरों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने कहा कि संस्थान में समय-समय पर प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं, जिससे बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को रोजगार मिल रहा है। इस दौरान संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डॉ.तेजबीर सिंह महाप्रभु की तपस्या पूर्ण होने पर हलालपुर में हुआ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** बाबा मोहनराम मन्दिर काली खोली धाम हलालपुर में धाम के पीठाधिपति धर्मचक्रवर्ती अनन्त श्री विभूषित अखण्ड भूमण्डलाधीश्वर वल्लभाचार्य जगद्गुरू डाक्टर तेजबीर सिंह खोखर महाप्रभु की ज्येष्ठ माह की तपस्या पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समस्त कार्य अनन्त श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर श्री मज्जगद्गुरू शंकराचार्य देवादित्यानंद सरस्वती जी महाराज धर्मसंघ के पावन सान्ध्यि में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम बाबा मोहनराम मन्दिर काली खोली धाम हलालपुर में नित्य पूजन क्रियाओं के उपरान्त यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व की शांति और सभी के कल्याण के लिए आहुतियां डाली। इसके उपरान्त भजन-कीर्तन मंड़ली ने प्रभु की महिमा का बहुत सुन्दर गुणगान किया। महाप्रभु डाक्टर तेजबीर सिंह खोखर ने देवादित्यानंद सरस्वती जी महाराज को पूर्ण आदर सत्कार के साथ गद्दी पर बैठाकर उनकी सेवा की और आये अतिथियों को फूल माला पहनाकर, चादर ओढ़कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में जनपद बागपत का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों व सम्मानित लोगों को भी महाप्रभु डाक्टर तेजबीर सिंह खोखर ने फूल माला पहनाकर, चादर ओढ़कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरान्त धाम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री अर्जुन गोविन्द गौसेवा परिवार फाउंड़ेशन छपरौली के सदस्यों सहित समस्त सहयोगियों की प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम का संचालन विनोद खेड़ा ने किया। इस अवसर पर भाकियू नेता राकेश टिकैत, छपरौली विधायक डा अजय कुमार, छपरौली चेयरमैन धर्मेन्द्र खोखर, डा मनीष तोमर, कर्नल ब्रहमपाल सिंह तोमर, इंदु, राजेन्द्र सिंह दरोगा, महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, मनमोहन जिंदल, प्रहलाद, योगाचार्य विशाल भारद्वाज, रामकुमार सिंह, नवीन जिंदल, श्रवण मलिक, सागर सिंह, अंकित शर्मा, नितिन शिवकुमार, राजेन्द्र सिंह, विनय मान सहित हजारों लोग उपस्थित थे।




# पति ने की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की चाकू से गोदकर हत्या, खुद को भी किया लहूलुहान

**मेरठ।** शुक्रवार की सुबह सरूरपुर थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए एक युवक ने अपनी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पत्नी की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने चाकू से वार करते हुए खुद को भी लहूलुहान कर लिया। पुलिस द्वारा घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसपी देहात ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सरूरपुर के हर्रा गांव का रहने वाला प्रदीप चौहान एसी मैकेनिक है। गांव में प्रदीप अपनी पत्नी निशा, 17 वर्षीय बेटे देव, 16 वर्षीय बेटे शुभ और 12 वर्षीय बेटी एंजल के साथ रहता था। ग्रामीणों के मुताबिक प्रदीप की पत्नी निशा चौहान सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर थी।

शुक्रवार की सुबह करीब 8:00 बजे प्रदीप के घर से बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़कर प्रदीप के घर पहुंचे। जहां घर के आंगन में निशा का खून से लथपथ शव पड़ा था। वहीं, लहूलुहान प्रदीप भी खून से सना चाकू हाथ में लेकर शव के पास ही खड़ा था। यह नजारा देखते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए।



जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने प्रदीप को हिरासत में लेते हुए अस्पताल में भर्ती कराया।

वहीं, निशा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पूछताछ के दौरान डरे-सहमे बच्चों ने बताया कि बेडरूम में निशा और प्रदीप का झगड़ा हुआ। इसके बाद प्रदीप निशा को बेडरूम से घसीट कर लाया और आंगन में चाकू से ताबड़तोड़ वार करके उसकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को भी चाकू मार कर लहूलुहान कर लिया।

जांच में सामने आया है कि निशा इंस्टाग्राम पर रील बनाती थी। इंस्टाग्राम पर निशा के 24 हजार से अधिक फॉलोअर हैं। निशा ने अपनी अकाउंट आईडी पर खुद को रियल क्रिएटर, एक्टर और ब्यूटीशियन बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**बैनामे को लेकर लंबे समय से था विवाद**

जानकारी के अनुसार प्रदीप चौहान और उसकी पत्नी निशा चौहान ने गांव में अपनी कोठी के पास एक प्लॉट खरीदा था। दोनों के बीच लंबे समय से इस बात को लेकर विवाद चल रहा था कि प्लॉट का बैनामा किसके नाम कराया जाए। निशा बैनामा अपने नाम कराना चाहती थी, जबकि प्रदीप अपने नाम पर कराने की जिद कर रहा था।

# शिया समुदाय ने मोहर्रम पर बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन का जताया आभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ALL INDIA SHIA HUSAINI FUND LUCKNOW

ऑल इण्डिया शिया हुसैनी फॅण्ड, लखनऊ

**लखनऊ।** मोहर्रम के अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश में शांति व्यवस्था, सफाई, बिजली और पानी के बेहतर प्रबंधों को लेकर शिया समुदाय ने प्रदेश सरकार और प्रशासनिक विभागों की सराहना की है ऑल इन्डिया शिया हुसैनी फॅन्डके महासचिव सैय्यद हसन मेंहदी (झब्बू) ने शिया समुदाय की ओर से मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सैय्यद हसन मेंहदी ने अपने संदेश में कहा कि मोहर्रम शोक, त्याग, बलिदान और सच्चाई को याद करने का पवित्र महीना है। इस दौरान अकीदतमंदों की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, स्थानीय प्रशासन और विशेषकर पुलिस विभाग ने कड़ी मेहनत कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा। सभी विभागों के आपसी समन्वय से पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुए।सरकार की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, "यदि किसी भी सूबे का मुखिया इस तरह की संवेदनशीलता और तत्परता दिखाए, तो किसी भी धर्म या समुदाय को सरकार से अपने धार्मिक आयोजनों को लेकर कोई शिकायत नहीं रहेगी।"

उन्होंने मोहर्रम के दौरान मुस्तैदी से ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों और व्यवस्थाओं को सुचारू रखने वाले सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए उनके प्रति विशेष आभार प्रकट किया है।

# दूसरे समुदाय के पड़ोसी किशोर पर कक्षा नौ की छात्रा को घर की छत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा को दूसरे समुदाय के पड़ोसी 16 वर्षीय किशोर द्वारा अपने घर की छत पर ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शिकायत करने पर आरोपी पक्ष ने बच्ची के परिजनों के साथ मारपीट की। आरोपी का एनकांउटर व घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने थाने पर हंगामा किया। आरोपी का परिवार घर पर ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मुरादनगर के एक गांव निवासी व्यक्ति की नौ वर्षीय पुत्री कक्षा पांच में पढ़ती है। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि पडोसी 16 वर्षीय किशोर वहां पर आया और बच्ची से काफी देर तक बातचीत की। इसके बाद वह बच्ची को बहका कर अपने घर की छत पर ले गया। जब आरोपी गलत काम कर रहा था तो बच्ची की ताई ने देख कर बच्ची की दादी को बुला लिया। जब बच्ची की दादी वहां पर पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोप है कि आरोपी के परिजनों ने बच्ची की दादी व पिता के साथ अभद्रता व मारपीट की। बच्ची को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार देर रात परिजन मुरादनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। आरोपी दूसरे समुदाय से संबंध रखता है। जिस कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता शुक्रवार को एकत्र होकर मुरादनगर थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनकी मांग थी कि आरोपी व उसके परिजनों का एनकांउटर किया जाए और घर पर बुलडोजर चलाया जाए। इस मामले में एसीपी मसूरी सर्किल मनोज कुमार का कहना है किएक गांव में नौ वर्षीय बच्ची के साथ गलत काम करने की तहरीर मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्ची का मेडिकल कराकर उसे मजिस्ट्रैट के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**आरोपी का एनकांउटर व घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओ ने थाने पर किया हंगामा**

# कार्रवाई जारी: चाणक्य कोचिंग पहले सील, फिर आश्वासन पर खोली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग की घटना के बाद मेरठ में अवैध और मानकविहीन कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार दोपहर एमडीए (मेरठ विकास प्राधिकरण) की टीम बच्चा पार्क स्थित स्टार प्लाजा पहुंची, जहां बड़ी संख्या में कोचिंग सेंटर संचालित होते हैं। जांच के दौरान मानकों का उल्लंघन मिलने पर टीम ने चाणक्य कोचिंग सेंटर को सील कर दिया। हालांकि, संचालक द्वारा लिखित में मानकों का पालन करने का आश्वासन देने के बाद सील खोल दी गई। इस पर अन्य कोचिंग संचालकों ने आपत्ति जताई।जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देश पर अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एडीएम सिटी बृजेश सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम में एमडीए, अग्निशमन विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अब तक 50 से अधिक कोचिंग सेंटरों को सील किया जा चुका है। विभिन्न विभागों की ओर से नोटिस भी जारी किए गए हैं। शुक्रवार को एमडीए के जेई बिजेंद्र और धीरज यादव के नेतृत्व में टीम ने स्टार प्लाजा में अभियान चलाया। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही कई कोचिंग संचालकों ने अपने संस्थानों के बोर्ड हटा दिए। कुछ स्थानों पर कोचिंग के बोर्ड की जगह अधिवक्ताओं या अन्य प्रतिष्ठानों के बोर्ड लगा दिए गए, जिससे कार्रवाई के दौरान टीम को जांच में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



**कोचिंग संचालकों ने लगाया भेदभाव का आरोप**

कोचिंग संचालकों का कहना है कि एमडीए की कार्रवाई एकतरफा है और केवल कुछ चुनिंदा संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। इस संबंध में कोचिंग संचालकों और शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल पहले कमिश्नर और जिलाधिकारी से भी मिल चुका है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया था कि जब तक सभी कोचिंग सेंटर निर्धारित सुरक्षा और भवन संबंधी मानकों का पालन नहीं करेंगे, तब तक कार्रवाई जारी रहेगी।

एमडीए अधिकारियों के अनुसार, चाणक्य कोचिंग सेंटर की सील इसलिए हटाई गई क्योंकि संचालक ने लिखित रूप से सभी निर्धारित मानकों का पालन करने का आश्वासन दिया है।

# ग्रीन चौपाल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, ग्रामीणों को कृषि वानिकी की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** वन महोत्सव सप्ताह के तहत शुक्रवार को संभल वन प्रभाग की चन्दौसी रेंज के ग्राम जहांगीरपुर के दियोरा खास में ग्रीन चौपाल एवं आम भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, कृषि वानिकी और कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना की जानकारी दी गई। वन विभाग के अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने और उनकी देखभाल का आह्वान करते हुए कहा कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जनभागीदारी से हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जमुना प्रसाद, एफपीओ समन्वयक विशेष कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# डीआईओएस कार्यालय का बाबू 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित विकास भवन के लेखाधिकारी राजीव सिंघल को शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम को देखकर आरोपी ने रिश्वत की रकम फेंक दी और बचने का प्रयास किया, लेकिन एंटी करप्शन टीम उसे पकड़कर सिविल लाइन थाने ले आई। मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। इंटर कॉलेज में तैनात चपरासी की शिकायत पर हुई कार्रवाई के बाद डीआईओएस कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।

मवाना निवासी महिपाल ने बताया कि वह रोहटा स्थित इंटर कॉलेज में चपरासी थे। रिटायरमेंट के बाद महिपाल के जीपीएस का पैसा रुका हुआ था। महिपाल का आरोप है कि रकम को रिलीज करने की एवज में राजीव सिंघल ने एक लाख की डिमांड की थी। इसके बाद 40 हजार में सौदा तय हुआ। महिपाल ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन डिपार्टमेंट में की थी। शुक्रवार को राजीव सिंघल ने पैसे देने के लिए महिपाल को कचहरी स्थित पोस्ट ऑफिस में बुलाया। जहां एंटी करप्शन डिपार्टमेंट की टीम ने शास्त्रीनगर के अग्रसेन विहार निवासी राजीव सिंघल को 25 हजार की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद आरोपी को सिविल लाइन थाने लाया गया। पुलिस उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। उधर, राजीव की गिरफ्तारी के बाद कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।



# 218 करोड़ की GST चोरी के मामले में सपा जिला कोषाध्यक्ष गए जेल

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष और कारोबारी रचित गुप्ता के बदायूं स्थित जीएसटी विभाग की टीम ने 12 घंटे तक मैराथन छापेमारी की। यह कार्रवाई बदायूं में अवैध रूप से संचालित की जा रही पान मसाला और गुटखा फैक्ट्री के जरिये 218 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के मामले में की गई है। जीएसटी की टीम रचित गुप्ता और उनके दो साथियों मनोज साहू व उमेश को गिरफ्तार कर मेरठ लाई, जहां कोर्ट में पेशी के बाद तीनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस संबंध में गौतमबुद्धनगर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। दिल्ली, नोएडा और मेरठ के अधिकारियों की संयुक्त टीम मंगलवार रात 11 बजे रचित गुप्ता के बदायूं स्थित दातागंज आवास और ठिकानों पर पहुंची।

स्थानीय पुलिस की सुरक्षा के बीच टीम ने कंप्यूटर रिकार्ड, कर संबंधी फाइलें और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख खंगाले। जांच में सामने आया कि रचित गुप्ता के प्रबंधन और नियंत्रण में गुटखा पाउच बनाने वाली 12 एफएफएस मशीनें अवैध रूप से चल रही थीं, जिन्हें मनोज साहू और उमेश संचालित करते थे। फरवरी से जून 2026 के बीच बिना किसी पंजीकरण और सरकार को सूचित किए इन मशीनों का संचालन कर करीब 218 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि पहुंचाई गई।

# सुई-धागे से संवर रहे बेटियों के सपने, तीन दशक से हुनर की रोशनी बांट रहीं सविता दीदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर के मोहल्ला ठेर निवासी सविता गर्ग पिछले करीब तीन दशक से बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प निभा रही हैं। बिना शुल्क लिए सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर तमाम बेटियों को हुनरमंद बना चुकी हैं। उनका यह सेवा कार्य आज भी लगातार जारी है और समाज के लिए प्रेरणा का उदाहरण बना है। शहर में गोमा सत्ती के पीछे स्थित गायत्री सेवा आश्रम में संचालित निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में इन दिनों 20 से अधिक बेटियां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। सविता गर्ग का कहना है कि उनका उद्देश्य बेटियों को ऐसा हुनर देना है, जिससे वे भविष्य में अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को धैर्य, मेहनत और गुणवत्ता के साथ कार्य करने की भी सीख दी जाती है। लोगों का कहना है कि सविता दीदी का यह निस्वार्थ प्रयास अनेक परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बना है। उनके यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी कई युवतियां आज स्वयं का काम शुरू कर चुकी हैं और परिवार की आय बढ़ाने में योगदान दे रही हैं।

# हाईवे पर टायर फटने से मेट्रो पिलर से टकराई बस, ड्राइवर सहित दो महिला श्रद्धालु गंभीर घायल

**मेरठ।** शुक्रवार की सुबह पल्लवपुरम थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। गुजरात से तीर्थ यात्रियों को लेकर आई टूरिस्ट बस टायर फटने के बाद मेट्रो पिलर से टकरा गई। हादसे में बस के ड्राइवर सहित दो महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गईं। जबकि अन्य 43 यात्रियों को मामूली चोटे आईं। गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गुजरात के 45 तीर्थ यात्रियों को लेकर टूरिस्ट बस यूपी और उत्तराखंड के तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने निकली थी। हरिद्वार में गंगा स्नान करने के बाद सभी लोग देर रात मथुरा के लिए रवाना हुए थे। शुक्रवार की सुबह दिल्ली-देहरादून हाईवे पर मोदीपुरम फेस टू में बस का अगला टायर अचानक धमाके के साथ फट गया। जिसके बाद अनियंत्रित बस मेट्रो कॉरिडोर के पिलर से टकरा गई।हादसे में बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में बस ड्राइवर सहित दो महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हुए। जबकि अन्य 43 यात्रियों को मामूली चोटे आईं। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस द्वारा ड्राइवर और दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के चलते हाईवे पर भीषण जाम लग गया। बाद में क्रेन की मदद से बस को हाईवे से हटाते हुए यातायात को सुचारू कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल तीर्थ यात्रियों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।



**अवैध वसूली** | साथी को छोड़कर तीन हुए फरार

# बिजली कर्मचारी बताकर अवैध वसूली करने आए थे चार युवक

**मेरठ।** शुक्रवार की दोपहर लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में क्षेत्रवासियों ने बिजली कर्मचारी बनकर अवैध वसूली करने आए चार युवकों को धर लिया। हंगामे के दौरान तीन युवक मौके से फरार हो गए। बाद में चौथा युवक भी अपनी गलती मानते हुए माफी मांगने लगा।

जिसके चलते क्षेत्रवासियों ने उसे भी हिदायत देकर छोड़ दिया।

चमन कॉलोनी गली नंबर एक की रहने वाली बुजुर्ग महिला ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर बुलेट सवार चार युवक उनके घर पर पहुंचे। खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर युवक महिला के घर में लगे स्मार्ट मीटर की जांच करने लगे। इसके बाद मीटर में छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाकर वृद्धा से 30 हजार की डिमांड की। दहशत में आई महिला युवकों को 13 हजार की रकम देने के लिए तैयार हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने युवकों को घेर लिया। पूछताछ करने पर तीन युवक बुलेट लेकर मौके से भाग गए। सूचना के बाद समर कॉलोनी निवासी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष इरशाद सैफी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने आरोपी से पूछताछ की। आरोपी ने अपना नाम गगोल निवासी शिवम बताया।

आरोपी ने अपनी गलती मानते हुए बताया कि कुछ युवकों के कहने पर वह वृद्धा के घर पर अवैध वसूली करने आए थे। युवक द्वारा माफी मांगने के बाद क्षेत्रवासियों ने उसे हिदायत देकर छोड़ दिया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इससे पहले भी आरोपी कई बार लोगों से अवैध वसूली कर चुके हैं।



# 'राधे-राधे! मेरी मौत से किसी का कोई लेना-देना नहीं,हथेली पर लिख युवक ने की आत्महत्या

**मेरठ।** मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दी नगर सेक्टर-4सी में गुरुवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**शुक्रवार सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला शव**

पुलिस के अनुसार, सुभाष पांडेय पुत्र रामबालक पांडेय परतापुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि सुभाष चार भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। शुक्रवार सुबह जब परिजन उसे चाय पीने के लिए बुलाने उसके कमरे में पहुंचे तो उसका शव फंदे से लटका मिला। यह देखकर परिवार के लोगों की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई।

**हथेली पर लिखा मिला आखिरी संदेश**

पुलिस जांच के दौरान मृतक के बाएं हाथ की हथेली पर लिखा मिला, 'राधे-राधे, मेरी मौत से किसी का कोई लेना-देना नहीं है। मैं अपनी मौत का खुद जिम्मेदार हूं।' पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। घटनास्थल से मिले अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

**पुलिस बोली-सभी पहलुओं की हो रही जांच**

क्षेत्राधिकारी ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद के 35 गांवों से होकर गुजरेगा "गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे" कांठ से जिले में प्रवेश करेगा एक्सप्रेसवे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के दायरे में 51 की जगह अब जिले के 35 गांवों की जमीनें आएंगी। एक्सप्रेस वे बिजनौर के धामपुर से कांठ तहसील के दो गांवों से प्रवेश कर ठाकुरद्वारा के गांवों की जमीन से होकर निकलेगा। मौके पर एनएचएआई और राजस्व विभाग द्वारा भूमि सत्यापन के दौरान यह नई तस्वीर सामने आई है' गौरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण से पहले एनएचएआई ने राजस्व विभाग की टीम के साथ भूमि चिह्नीकरण का काम शुरू कर दिया है। जमीनों के सत्यापन के लिए एनएचएआई, राजस्व विभाग के लेखपाल और चयनित कंपनी की टीम संयुक्त रूप से काम कर रही है। एनएचएआई के प्रबंधक जयवर्धन के अनुसार, एक्सप्रेस में कांठ तहसील क्षेत्र के गदापुर और की गई है। इसी प्रकार मुरादाबाद तहसील क्षेत्र के आठ गांव करिया नगला एहतमाली, बुढ़ानपुर एहतमाली, बुढ़ानपुर मुस्तकम, भवानीपुर, बद्धपुरा मझरा कुरी, कुकरझुंडी, नरेंद्रपुर और लालपुर पुरोहित गांव शामिल हैं। ठाकुरद्वारा तहसील के 25 गांव आलमगीरपुर, आराजी गहजेडा, असलेमपुर, बहादरनगर, बहादरपुर गज्जू, बोबधवाला, फौलादपुर, गजहेड़ा आलम, गजहेडा सैद, गामरी, इनायतनगर, खाईखेड़ा, ख्वाजापुर घंटला, किशनपुर गामरी, लालापुर पीपलसाना, लौंगीकला, मधुपुरी, निर्मलपुर, पाडला, पैसियापुरा पदार्थ, रघुनाथपुर, सरकारा परमपुर माफी, शेरपुर बाहलीन, शेरपुर पट्टी, शिवनगर शामिल हैं।

एक्सप्रेस वे बिजनौर जिले के धामपुर से कांठ के दो गांवों से होते हुए सदर क्षेत्र के आठ गांवों से गुजरेगा। इसके बाद ठाकुरद्वारा के 25 गांवों से होते हुए रामपुर जिले के विकास खंड टांडा, बिलासपुर, स्वार से होकर बरेली के लिए निकलेगा। सरकारी, गैर सरकारी जमीनों के अलावा पेड़ों, विद्युत खंभों, कुओं, नदी, तालाब की भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है।




इस मामले में एनएचएआई पहले ही गजट प्रकाशित कर चुका है। पहले एनएचएआई ने जिला प्रशासन को जिले के 51 गांवों की सूची ड्रोन की जांच में पहले 60 गांव शामिल किए गए थे केंद्र सरकार ने गोरखपुर शामली सिक्स लेन एक्सप्रेसवे का निर्माण करने की योजना बनाई थी। इसके तहत ड्रोन से एक्सप्रेसवे का खाका खींचा गया। इसमें मुरादाबाद जिले के 60 गांव दायरे में आ रहे थे। कुछ दिनों बाद फिर जांच की गई तो मुरादाबाद मंडल के अमरोहा जिले को हटाया गया। इसके बाद तय किया गया कि शामली से एक्सप्रेसवे बिजनौर जिले के धामपुर से होते हुए मुरादाबाद जिले में कांठ के दो गांवों से होकर प्रवेश करेगा।

इसके बाद जिला प्रशासन को 51 गांवों के गाटा संख्या की जांच करने करने के लिए सूची दी गई। तीसरी बार भौतिक सत्यापन करने के बाद 16 गांव घट गए। पहले कांठ तहसील के 18 गांवों की जमीन दायरे में आ रही थी, लेकिन अब घटकर दो हो गई है।एनएएचएआई के साथ राजस्व विभाग की टीम और एक कंपनी संयुक्त रूप से जांच कर रही हैं। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अधिग्रहण की कार्यवाही की जाएगी।

## निजी स्कूल और मदरसों से मांगे सुरक्षा दस्तावेज: गलत सूचना पर विद्यालय की मान्यता होगी समाप्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल ने नगर क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों और मदरसों को भवन सुरक्षा एवं मान्यता संबंधी अभिलेख तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि विद्यालयों को वैध फायर सेफ्टी प्रमाणपत्र, भूकंपरोधी भवन संबंधी प्रमाणपत्र,नगर निगम या विकास प्राधिकरण से स्वीकृत भवन मानचित्र, बेसमेंट होने या नहीं होने आदि की जानकारी देनी होगी। यदि निर्धारित अवधि में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए या गलत सूचना दी गई तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध मान्यता नियमों एवं शासनादेशों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक डांट पड़ी भारी: कुन्दरकी के लाडले ने मौत को लगाया गले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुंदरकी (एम.के.भारती सैफी )।** शुक्रवार की दोपहर को थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव के जंगल से आई एक खबर ने पूरे कुन्दरकी नगर को हिला दिया। आम के पेड़ से एक नौजवान की लाश फंदे पर झूलती मिली। पलभर में जंगल में सन्नाटा तोड़ती भीड़ जमा हो गई।

**कॉल ने कराई पहचान, निकला मोहल्ले का अरमान**

सूचना पाकर जब मौके पर पहुंची पुलिस को जेब में रखे मोबाइल पर बार-बार कॉल आती दिखी। कॉल उठाई तो पता चला- लाश कुन्दरकी कस्बे के मोहल्ला कायस्तान के अरमान पुत्र ताहिर की है। खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।





**"काम कर ले बेटा" कहना पड़ा महंगा**

बताते हैं कि घर वाले अरमान से काम-धंधा करने को कहते थे। इसी बात पर अक्सर नोक-झोंक होती थी। शुक्रवार को भी डांट पड़ी तो अरमान खफा होकर घर से निकल गया।

फिर कभी न लौटने के लिए चला गया

फोन मिलाया तो उधर से सन्नाटा बोल रहा था। अरमान की घर पर मौत की खबर आयी

**उजड़ गया हंसता-खेलता परिवार**

अरमान तीन भाइयों और दो बहनों में एक था। उसके इस कदम से मां-बाप का कलेजा फट गया, बहनों-भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर की दहलीज पर मातम बिछ गया। पूरे कायस्तान मोहल्ले की आंखें नम हैं।

**पुलिस जुटी जांच में**

फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामला आत्महत्या का लग रहा है, पर सच क्या है, यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तफ्तीश के बाद ही सामने आएगा।

## ईमान का सौदा नहीं किया: कुन्दरकी के मास्टर साहब ने लौटाए लावारिस मिले दो लाख

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नेकी का जमाना गया नहीं है। जेएलएम इंटर कॉलेज कुन्दरकी के अध्यापक इदरीश खान ने यह बात साबित कर दी। उन्हें रास्ते में लावारिस हालत में दो लाख रुपये पड़े मिले।

**जेएलएम कॉलेज के इदरीश खांन बने मिसाल: यह किसी की जरूरत का पैसा था**

**दिल और दिमाग की जंग में जीता ईमान**

इदरीश खान बताते हैं रकम देखकर एक पल को मन डगमगाया, पर अगले ही पल ईमान ने आवाज दी। यह दो लाख रुपये किसी गरीब की दवा, बेटी की शादी या घर का सपना हो सकते हैं। मैं यह बोझ लेकर कैसे जीता?

**तलाश खत्म, चेहरे पर मुस्कान वापस**

उन्होंने इधर-उधर पूछताछ कर पैसों के असली मालिक को खोज निकाला। जब पूरे दो लाख रुपये उसके हाथ में रखे तो उस शख्स की आंखें नम हो गईं। चेहरे की परेशानी पल में राहत में बदल गई। उसने बार-बार दुआएं दीं।




**शिक्षक ही नहीं, इंसानियत के भी उस्ताद**

कॉलेज में बच्चों को किताबी ज्ञान देने वाले मास्टर इदरीश खान ने जिंदगी का सबसे बड़ा सबक सबको पढ़ा दिया। उनका कहना है- पैसा आज है, कल नहीं। पर ईमानदारी की कमाई का सुकून जिंदगी भर साथ रहता है। अल्लाह मुझे हमेशा हक के रास्ते पर चलाए।

**इलाके में चर्चा, लोग कर रहे सलाम**

आई.डी. खान भाई के इस काम की हर जुबां पर तारीफ है। लोगों का कहना है कि ऐसे किरदार ही समाज को जिंदा रखते हैं। सोशल मीडिया पर भी इदरीश खान के लिए दुआओं और सलाम का सिलसिला जारी है।

## पिछले 1 महीने में सबसे कम बारिश मुरादाबाद में सबसे ज्यादा संभल में: शनिवार और रविवार बारिश का अनुमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पिछले एक महीने में मुरादाबाद मंडल में सबसे अधिक बारिश संभल जनपद में हुई है, जबकि सबसे कम मेघ मुरादाबाद में बरसे हैं। मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के हिसाब से संभल में बारिश 52 फीसदी अधिक है तो वहीं मुरादाबाद में 31 फीसदी रिकॉर्ड की गई है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अभी मानसून के पहले चरण का असर बना हुआ है। शुक्रवार को कहीं बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। मुरादाबाद में मानसून सक्रिय होने के बाद बुधवार को तेज बारिश हुई थी। बृहस्पतिवार को भी बारिश की संभावना व्यक्त की गई थी। हालांकि दिन में हल्की धूप निकलने की वजह से उमस बढ़ गई। बृहस्पतिवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही थी। मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट पर जारी किए आंकड़ों के अनुसार बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 में अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह वातावरण में नमी 77 फीसदी थी, जो शाम को 88 फीसदी रही। मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि आमतौर पर मानसून 18 जून के आसपास आ जाता है। इस बार मानसून सक्रिय होने में 12 दिन की देरी हुई है।शनिवार और रविवार को हल्की से मध्यम बारिश तक का अनुमान है।

**पिछले 24 में अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है**

## घरेलू कलह बनी जान की दुश्मन: पत्नी से झगड़े के बाद पति ने खाया जहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के काजीपुरा गांव में गुरूवार को घरेलू विवाद ने खौफनाक शक्ल ले ली। राजू का पत्नी सावित्री से नोंक-झोंक के बाद पति राजू ने कीटनाशक दवाई खाकर आत्मघाती कदम उठा लिया।

**काजीपुरा गांव में खौफनाक कदम: जिला अस्पताल में जिंदगी-मौत से जूझ रहा राजू, हालत नाजुक**

**पलभर में बिगड़ी हालत**

जहरीली दवाई खाने के बाद राजू की हालत तुरंत बिगड़ गई। घबराए परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में एडमिट कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पाताल मुरादाबाद को रेफर कर दिया।



**जिला अस्पताल में जंग जारी**

मुरादाबाद जिला अस्पताल में भी राजू की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी जान बचाने की कोशिश में जुटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**छोटी सी बात, बड़ा अंजाम**

बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात पर कहासुनी हुई थी। गुस्से में आकर राजू ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। एक पल के गुस्से ने पूरे परिवार को संकट में डाल दिया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर : 17 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई) ।** कैलशा के पास शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौपा है 'थाना कांठ क्षेत्र के गांव आबी हाफिजपुर निवासी संजय सिंह मेरठ की प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं उनके परिवार में पत्नी विनोद के अलावा दो बेटे तरुण और जीतू हैं बड़े बेटे तरुण ने इसी साल इंटर की परीक्षा पास की थी फिलहाल वह मुरादाबाद स्थित एक कालिज में पढ़ाई कर रहा था परिजनों के मुताबिक शुक्रवार सुबह तरुण बाईक पर सवार होकर मुरादाबाद जा रहा था सुबह लगभग 10:00 बजे वह अमरोहा देहात थाने के कैलशा बाई पास पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया पुलिस ने शब का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।



## मुरादाबाद "जिला अस्पताल में बेड बढ़ाने का प्रस्ताव "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक वर्ष में 4.5 लाख से ज्यादा मरीज, 12 लाख से ज्यादा लैब टेस्ट, 55 हजार एक्सरे व 12 हजार अल्ट्रासाउंड। यह आंकड़ा भले ही जिला अस्पताल का है, लेकिन यह बताने के लिए काफी है कि मंडल मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की जरूरत है। मरीजों का दबाव इस कदर है कि सुविधाएं अपर्याप्त साबित हो रही हैं। ऐसे में जिला अस्पताल में बेड बढ़ाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने प्रस्ताव तैयार किया है। वर्तमान में अस्पताल में 220 बेड स्वीकृत हैं, इन्हें बढ़ाकर 300 करने की तैयारी है। यदि ऐसा संभव हुआ तो मुरादाबाद में मेडिकल कॉलेज की राह आसान हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज के लिए 600 बेड की जरूरत होती है'वर्तमान में जिला अस्पताल में 220 बेड स्वीकृत हैं। मरीज बढ़ते हैं तो हम 266 बेड तक व्यवस्थाएं बना लेते हैं। 266 बेड स्वीकृत करने के लिए हमने अनुमति मांगी है। साथ ही 300 बेड का प्रस्ताव तैयार किया है। बेड बढ़ते हैं तो मेडिकल कॉलेज के मानक पूरे करने में आसानी होगी। (डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय, एसआईसी)'100 बेड की सीसीयू भी बनकर तैयार हो जाएगी। इसका निर्माण सीपीएच के पास चल रहा है। इसके अलावा 100 बेड महिला अस्पताल की एमसीएच विंग में हैं और 76 बेड केंद्रीय पुलिस अस्पताल के इस्तेमाल किए जा सकते हैं।सरकार की नीति के हिसाब से यदि जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज शुरू करने लायक बेड होते हैं तो दस किलोमीटर के दायरे में एकेडमिक ब्लॉक बनवाया जा सकता है। यहां पर कक्षाओं का संचालन और प्राचार्य कार्यालय आदि स्थापित किया जा सकता है। केंद्रीय पुलिस चिकित्सालय की दूरी जिला अस्पताल से लगभग 700 मीटर है। ऐसे में वहां व्यवस्थाएं की जा सकती हैं।सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह के मुताबिक मेडिकल कॉलेज में आईपीडी के लिए 75 फीसदी बेड ऑक्यूपेंसी जरूरी होती है। जिला अस्पताल की बेड ऑक्यूपेंसी 90 प्रतिशत है। 600 मरीजों की ओपीडी प्रतिदिन की आवश्यकता है। वर्तमान में जिला अस्पताल की ओपीडी में औसतन 1800 मरीज रोजाना आते हैं। मेडिकल कालेज के लिए ऑपरेशन थिएटर की जरूरत होती है, वर्तमान में जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और सीपीएच मिलाकर चार ओटी चल रहे हैं।




## टहानायक की चौपाल में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की महत्वाकांक्षी चौपाल योजना शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टहानायक में पहुंची। विधायक प्रतिनिधि ब्रजानंद उर्फ विक्की ठाकुर ने खुद ही चौपाल की कमान संभाली और ग्रामीणों के बीच बैठकर एक-एक समस्या को गंभीरता से सुना।

**गांव की समस्या-गांव में समाधान' के तहत सुनी जनफरियाद, दिए निस्तारण के निर्देश**

**अफसरों को दिए सख्त निर्देश**

चौपाल में ग्राम प्रधान, मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ अध्यक्ष समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विक्की ठाकुर ने ग्रामीणों की बिजली, नाली, खड़ंजा, पेंशन और राशन तय से जुड़ी शिकायतों पर मौके पर ही अफसरों को निस्तारण के निर्देश दिए। कई समस्याओं का तत्काल समाधान भी कराया गया।






**ब्लॉक प्रमुख के बड़े भाई नवदीप यादव भी पहुंचे**

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख के बड़े भाई नवदीप यादव भी चौपाल में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विधायक की सोच है कि फरियादी को लखनऊ- मुरादाबाद और दिल्ली न जाना पड़े । बल्कि शासन-प्रशासन खुद गांव में आकर उसकी बात सुने ।

**ग्रामीणों ने जताया आभार**

विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर के इस अंदाज से ग्रामीण गदगद दिखे। लोगों ने कहा- पहली बार कोई नेता का नुमाइंदा गांव में बैठकर हमारा दर्द सुन रहा है। चौपाल योजना अब कुन्दरकी विधान सभा में जनता और सरकार के बीच भरोसे का पुल बन रही है।

## जनसुनवाई के समय "दफ्तर में रहें अधिकारी": डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डीएम डॉ. राजेंद्र पैसिया ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई के समय सभी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनें। जनसुनवाई के दौरान बिना अनुमति अन्यत्र अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि केवल वही अधिकारी जनसुनवाई से अनुपस्थित रहेंगे, जिन्हें पूर्व से स्पष्ट रूप से अयंत्र कार्य के लिए नामित किया गया हो। डीएम ने कहा कि अधिकारियों को शासन के निदेशों के अनुपालन के लिए समय-समय पर निर्देशित भी किया गया है, इसके बावजूद यह पाया गया है कि अनेक प्रकरणों में निदेशों का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन व उच्चाधिकारियों द्वारा जारी महत्वपूर्ण निदेशों एवं शिकायतों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए और प्रत्येक प्रकरण में अधिकारी स्वयं रुचि लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करें।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नौवें तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन किया

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने महोत्सव के सफल आयोजन में मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।उद्यान मंत्री ने बताया कि इस महोत्सव में 800 से अधिक प्रकार के आम प्रदर्शित किए गए, जो बच्चों और अभिभावकों के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करते हैं।यह महोत्सव तीन स्थानों पर आयोजित किया गया: इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, मलिहाबाद के बागानों में किसानों के साथ, और जनभवन में राज्यपाल के साथ, जिसका उद्देश्य राज्य के किसानों की समृद्धि और खुशहाली को बढ़ावा देना है।उद्यान विभाग द्वारा किए गए नवाचारों में आम की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेपर बैग तकनीक का उपयोग, निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन, हाई-टेक नर्सरी की स्थापना, और कमल की खेती को बढ़ावा देना शामिल है।उद्यान मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हाई-टेक नर्सरी के माध्यम से दिए जाने वाले पौधों की संख्या 74 लाख से बढ़कर 29 करोड़ हो गई है।शहरी क्षेत्रों में छत पर बागवानी (रूफ टॉप गार्डनिंग) को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है, जो शहरों में घटती कृषि भूमि के बीच सकारात्मक ऊर्जा और कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण में मदद करेगा।मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना' और मंडल स्तर पर औद्योगिक उन्नयन गोष्ठियां आयोजित की गईं, जिससे कम क्षेत्रफल में अधिक मूल्य की फसलों, जैसे औषधीय फसलों, को बढ़ावा मिल सके।

**निर्णय** बैठक में सर्व समाज के लिए अंतिम यात्रा वाहन खरीदने का फैसला किया गया

## भारत विकास परिषद का "स्थापना दिवस एवं अधिष्ठापन समारोह 10 जुलाई को धूमधाम" से मनाने का हुआ निर्णय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत विकास परिषद साधारण सभा की शुक्रवार की देर शाम आयोजित बैठक में सर्व समिति से परिषद का स्थापना दिवस एवं अधिष्ठापन समारोह पर 10 जुलाई को धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया' बैठक में सर्व समाज के लिए अंतिम यात्रा वाहन खरीदने का फैसला किया गया' भारत विकास परिषद के निदेशक मंडल में शामिल मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर आज देर शाम आयोजित बैठक में विचार विमर्श के बाद परिषद का स्थापना दिवस समारोह एवं अधिष्ठापन समारोह 10 जुलाई को मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में आयोजित करने का निर्णय लिया गया' बैठक में लोगों ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर में मोक्ष धाम पर पहुंचने के लिए कोई वाहन की व्यवस्था नहीं है परिषद इस काम को पूरा करेगी' परिषद शीघ्र ही अंतिम यात्रा वाहन खरीद कर सर्व समाज को देगी' बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश माहेश्वरी ने कहा कि संस्कार सेवा समर्पण के साथ भारत विकास परिषद समाज की सेवा कर रही है और आगे भी करती रहेगी ' इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, सचिव गौरव बिश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी, प्रमोद बिश्नोई, मोहित माहेश्वरी राजेश शर्मा, भगवान सिंह, पंकज चौहान, सुरेश चौहान, अशोक कुमार बिश्नोई, प्रद्युम्न बिश्नोई, सतपाल सिंह गुर्जर, विष्णु अवतार, दीपक चौहान आदि मौजूद थे ' बैठक की अध्यक्षता मुकेश माहेश्वरी ने की संचालन गौरव बिश्नोई ने किया ।






## किसानों को "जनपद की समितियों पर मिलेगी 3000 टन" यूरिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** धान की फसल के लिए सहकारी समितियों को तीन हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद शीघ्र मुहैया कराई जाएगी। एआर कोआपरेटिव अमरेंद्र कुमार ने बताया कि धान की रोपाई के बाद यूरिया खाद की जरूरत पड़ेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले की 60 सहकारी समितियों और केंद्रों को तीन हजार मीट्रिक टन धान दो दिन में उपलब्ध कराई जाएगी। उनके स्टाक में इएफको, कृभको कंपनी की नौ हजार टन यूरिया उपलब्ध है। जिले में कुल 23 हजार टन यूरिया अन्य कंपनियों की मौजूद है। प्राइवेट कंपनियां 20 प्रतिशत खाद सहकारी समिति को उपलब्ध कराती हैं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस मामले में पहले से तैयारी शुरू कर गई है।





# फिल्मों के चुनाव को लेकर चेतना पांडे का बेबाक बयान, स्क्रीन टाइम नहीं, दमदार किरदार चाहिए

अभिनेत्री चेतना पांडे को हालिया रिलीज फिल्म हॉन्टेड 3डीः इकोज ऑफ द पास्ट से दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस सफलता के बीच चेतना ने करियर, फिल्मों के चुनाव और भविष्य की योजनाओं को लेकर कहा कि अब वह केवल ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ाएं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ें। चेतना पांडे ने कहा, करियर के इस पड़ाव पर मैं खुद को किसी एक तरह के किरदार या फिल्म शैली तक सीमित नहीं रखना चाहती। हॉरर फिल्म में काम करने के बाद मुझे इस शैली की ताकत का एहसास हुआ है, इसलिए मैं आगे भी हॉरर फिल्मों में काम करना चाहूंगी। मैं सिर्फ इसी शैली तक सीमित नहीं रहना चाहती। एक कलाकार के रूप में मेरा सबसे बड़ा सपना खुद को और अपने दर्शकों को लगातार नए रूप में चौंकाना है।अभिनेत्री ने कहा, मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं, जो मुझे भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौती दे और मुझे आगे बढ़ाता रहे। चाहे कोई बड़ी कमर्शियल फिल्म हो, थ्रिलर हो या फिर बायोपिक, मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने यह बात रखती है कि मेरा किरदार दर्शकों के मन में लंबे समय तक बना रहे।

चेतना ने कहा, मुझे फिल्म में ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं चाहिए। मैं ऐसे रोल्स को प्राथमिकता देती हूं, जिनकी कहानी में दम हो और जो कुछ कहने की ताकत रखते हों। मैं केवल ग्लैमर दिखाने वाली भूमिकाओं की बजाय ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं, जो लोगों को सोचने पर मजबूर करें। हर नया प्रोजेक्ट मुझे पहले किए गए काम से आगे ले जाए और कुछ नया सिखाए। चेतना ने कहा, मैं अभी भी इस पूरे अनुभव को समझने और महसूस करने की कोशिश कर रही हूं। जब कोई कलाकार लंबे समय तक किसी फिल्म पर मेहनत करता है, कई तरह की चुनौतियों का सामना करता है और यह उम्मीद करता है कि दर्शक उसके काम को पसंद करेंगे, तब सफलता मिलने के बाद उस पल को तुरंत समझ पाना आसान नहीं होता। हॉन्टेड 3डी फिल्म की सफलता पर खुशी जताते हुए चेतना ने कहा, पिछले कुछ दिन जश्न से ज्यादा आभार के रहे हैं। मैंने सबसे पहले परिवार, दोस्तों और उन लोगों से बात की, जिन्होंने इस सफर में हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यही है कि मेरे करीबी लोग मेरी सफलता से खुश हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर वेलकम टू द जंगल की कमाई में उछाल, कॉकटेल 2, कैरी ऑन जट्टा 4, मां इंति बंगारम और मैं वापस आऊंगा ने भी दर्ज की अच्छी कमाई

बॉक्स ऑफिस पर मंगलवार का दिन सभी फिल्मों के लिए उत्साहजनक रहा। सस्ती टिकटों की पेशकश का असर सिनेमाघरों में साफ दिखाई दिया और लगभग सभी फिल्मों की कमाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर वेलकम टू द जंगल ने एक बार फिर टिकट खिड़की पर अपना दबदबा कायम रखा।

फिल्म ने सोमवार को 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि सैकनिल्क की शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को इसकी कमाई बढ़कर 9.25 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसके साथ ही रिलीज के पांच दिनों में फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 81.50 करोड़ रुपये हो गया है।

उधर, गिप्पी ग्रेवाल अभिनीत पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 भी दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। पांच दिनों में इसका कुल भारतीय नेट कलेक्शन 10.60 करोड़ रुपये हो चुका है।

शाहिद कपूर की कॉकटेल 2 नई रिलीज फिल्मों के बीच भी मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने दूसरे सोमवार को 1.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि दूसरे मंगलवार को इसकी कमाई बढ़कर 1.85 करोड़ रुपये हो गई। 12 दिनों में फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 86.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, सामंथा रुथ प्रभु की मां इंति बंगारम ने भी बॉक्स ऑफिस पर स्थिर प्रदर्शन जारी रखा। फिल्म ने दूसरे सोमवार और दूसरे मंगलवार, दोनों दिन 1.60 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही 12 दिनों में इसका कुल भारतीय नेट कलेक्शन 51.45 करोड़ रुपये हो गया है। इम्तियाज अली निर्देशित मैं वापस आऊंगा तीसरे सप्ताह में भी दर्शकों का साथ बनाए हुए है। फिल्म ने तीसरे सोमवार को 1.50 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि तीसरे मंगलवार को इसकी कमाई बढ़कर 1.75 करोड़ रुपये दर्ज की गई। 19 दिनों में फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 49.55 करोड़ रुपये हो गया है।

मंगलवार की कमाई के आंकड़े बताते हैं कि रियायती टिकटों की योजना का फायदा लगभग सभी फिल्मों को मिला। हालांकि, वेलकम टू द जंगल बॉक्स ऑफिस पर सबसे आगे बनी हुई है, जबकि कॉकटेल 2 भी लगातार मजबूत प्रदर्शन करते हुए 85 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।




# मुंबई में पानी की कमी से परेशान कनिका महेश्वरी, बोलीं-अब हर बूंद का हिसाब रखना पड़ता है

टीवी अभिनेत्री कनिका महेश्वरी ने मुंबई में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी एक ऐसी समस्या है, जो लोगों की पूरी दिनचर्या बदल देती है। उन्होंने सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। कनिका महेश्वरी ने कहा, पानी की कमी का असर हर छोटे-बड़े काम को प्रभावित करता है। जब सुबह उठते ही यह चिंता हो कि खाना बनाने, सफाई करने या रोजमर्रा की साफ-सफाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा या नहीं, तब समझ आता है कि पानी जैसी जरूरी चीज कितनी अनमोल है। हम




अक्सर शहर के विकास और बेहतर सुविधाओं की बात करते हैं, लेकिन सम्मानजनक जीवन की सबसे पहली जरूरत नियमित और साफ पानी है। कनिका ने कहा, लगातार पानी की कमी लोगों को अपनी जीवनशैली बदलने पर मजबूर कर देती है। पहले जहां लोग आराम से शॉवर लेते थे, वहीं अब पानी बचाने के लिए बाल्टी से नहाना पड़ता है। हर लीटर पानी सोच-समझकर इस्तेमाल करना पड़ता है। आप अपनी जरूरतों से ज्यादा पानी की खपत का हिसाब लगाने लगते हैं। यह परेशानी हजारों परिवार हर दिन झेलते हैं। जब तक कोई खुद इस स्थिति से नहीं गुजरता, तब तक उसके मानसिक बोझ को समझ पाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि जल प्रबंधन को लंबे समय की योजना के रूप में देखा जाए। शहर लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए पानी की व्यवस्था भी उसी हिसाब से मजबूत होनी चाहिए।

लोगों को हर बार पानी की कमी के हिसाब से अपनी जिंदगी ढालने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। साफ और नियमित पानी की आपूर्ति कोई सुविधा नहीं, बल्कि हर परिवार का बुनियादी अधिकार है। कनिका ने कहा, पानी बचाने की आदत सिर्फ संकट के समय नहीं होनी चाहिए। हमें रोजमर्रा की जिंदगी में भी पानी की बबार्दी रोकनी होगी। जहां रिसाव हो, उसे तुरंत ठीक कराना चाहिए। जितना संभव हो, पानी का दोबारा इस्तेमाल करना चाहिए और छोटी-छोटी सावधानियां अपनानी चाहिए। अगर हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तो हम मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आज बचाई गई हर बूंद आने वाले कल को सुरक्षित बना सकती है।

# कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन क्यों है सेहत के लिए फायदेमंद? जानें इसके 5 लाभ

कच्चे अंकुरित अनाज को सेहत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। ये न केवल स्वाद में अच्छे होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। अंकुरित अनाज में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ कई बीमारियों से बचाए रखने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कच्चे अंकुरित अनाज को खाने से क्या-



क्या फायदे हो सकते हैं।

**पाचन के लिए है बेहतरीन**

कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन पाचन के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। ये फाइबर से भरपूर होते हैं, जो मल त्याग को आसान बनाते हैं और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाते हैं। इसके अलावा अंकुरित अनाज में मौजूद खास तत्व पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इन्हें खाने से पेट साफ रहता है और पेट संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**वजन को नियंत्रित करने में सहायक**

अगर आप वजन नियंत्रित करना चाहते हैं तो इसके लिए भी कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन लाभकारी हो सकता है। ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन कैलोरी में कम होते हैं। इसलिए इन्हें खाने से पेट भरा हुआ महसूस होता है और ज्यादा खाने की इच्छा कम होती है। इसके अलावा अंकुरित अनाज में मौजूद फाइबर चर्बी के अवशोषण को कम करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

दिल की सेहत को बढ़ावा

दिल की बीमारियां आजकल आम हो गई हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने खाने-पीने का खास ध्यान रखें। इसके लिए कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन फायदेमंद हो सकता है। ये खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके दिल की सेहत में सुधार कर सकते हैं। इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखते हैं और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूती**

शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली यानी इम्यूनिटी को मजबूत करने में भी कच्चे अंकुरित अनाज फायदेमंद हो सकते हैं। इनमें विटामिन-सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। ये इम्यूनिटी को मजबूती देने के साथ-साथ शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी देते हैं। इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को दूर करने में भी मदद करते हैं।

**मधुमेह के जोखिम में कमी**

खून में शक्कर की मात्रा बढ़ने से मधुमेह का खतरा हो सकता है, लेकिन कच्चे अंकुरित अनाज से इस बीमारी के जोखिम कम किए जा सकते हैं। इनमें मौजूद फाइबर शरीर में इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसके अलावा इनमें मधुमेह रोधी गुण होते हैं, जो खून में शक्कर की मात्रा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। हालांकि, मधुमेह रोगी इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए सिर्फ पौष्टिक भोजन नहीं,उसे सही तरीके से पकाना भी है जरूरी



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना हर किसी के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन इसके साथ ही यह समझना भी जरूरी है कि अच्छा स्वास्थ्य केवल पौष्टिक भोजन खाने से ही नहीं, बल्कि उसे सही तरीके से पकाने पर भी निर्भर करता है। स्मार्ट कुकिंग की आदतें अपनाकर हम भोजन को अधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक बना सकते हैं। खाना पकाते समय छोटी-छोटी सावधानियां लंबे समय तक हमें कई बीमारियों से बचाने में मदद करती हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि खाना बनाते समय तेल की मात्रा को नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है। अक्सर लोग बिना माप के तेल डाल देते हैं, जिससे भोजन में आवश्यकता से अधिक वसा शामिल हो जाती है। इसलिए, तेल डालने के लिए हमेशा चम्मच का उपयोग करना चाहिए। इससे तेल की सही मात्रा का उपयोग होता है और अतिरिक्त कैलोरी से बचाव होता है। कम तेल में बना भोजन हृदय के लिए बेहतर होता है तथा मोटापा, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं के खतरे को भी कम करता है। दूसरी महत्वपूर्ण आदत है बार-बार तला हुआ भोजन खाने से बचना। तले हुए खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट तो लगते हैं, लेकिन इनमें अधिक मात्रा में वसा और कैलोरी होती है। नियमित रूप से समोसा, पकौड़े, चिप्स, पूड़ी या अन्य तले हुए खाद्य पदार्थ खाने से मोटापा, मधुमेह और हृदय रोगों का जोखिम बढ़ सकता है। यदि कभी तला हुआ भोजन खाना भी हो, तो उसे सीमित मात्रा में और कभी-कभार ही खाना चाहिए। दैनिक भोजन में ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें और साबुत अनाज को अधिक स्थान देना चाहिए।

स्वस्थ जीवन के लिए खाना पकाने के तरीकों का चुनाव भी बहुत महत्वपूर्ण है। चीजों को तेल में तलने के बजाय भाप में पकाना, भूनना, उबालना या ग्रिल करना अधिक लाभदायक होता है। भाप में पकी सब्जियों में विटामिन और खनिज अधिक मात्रा में सुरक्षित रहते हैं। ग्रिल या रोस्ट किए गए खाद्य पदार्थ कम तेल में तैयार हो जाते हैं और उनका स्वाद भी अच्छा रहता है। इसी प्रकार हल्का भूनकर या उबालकर बनाया गया भोजन पाचन के लिए भी बेहतर माना जाता है।

इसके अलावा, ताजी सामग्री का उपयोग करना, भोजन को अधिक देर तक न पकाना और आवश्यकता से अधिक नमक तथा चीनी का प्रयोग न करना भी स्मार्ट कुकिंग का हिस्सा है। घर का ताजा बना भोजन हमेशा बाहर के जंक फूड की तुलना में अधिक सुरक्षित और पौष्टिक होता है।

# फिट इंडिया का सपना साकार होगा: राजभूषण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि फिट इंडिया का सपना शीघ्र ही साकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार उस दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक कार्य है, जिससे गरीब भी बेहतर चिकित्सा का लाभ ले पा रहा है।

श्री चौधरी यहां कांस्टीट्यूशन क्लब के मावलंकर हॉल में मेड स्केप इंडिया द्वारा आयोजित फिट इंडिया कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के आयोजन में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) की भी अहम भूमिका रही।

समारोह को संबोधित करते हुए फिट इंडिया कॉनक्लेव 2026 की संयोजिका डॉ सुनीता दुबे एवं एसआईएस अलार्म एंड मोनेटरिंग रिस्पांस सर्विस के




सीईओ शंकर सुब्रह्मण्यम ने मेडस्केप इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में प्रोजेक्ट रेड फ्लैग की शुरूआत करते हुए कहा कि यह तकनीक और पैनिक बटन आधारित इमरजेंसी रिस्पांस समाधान है। इसे अस्पतालों, क्लीनिकों और स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट रेड फ्लैग स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एक व्यावहारिक सुरक्षा ढांचा है। कॉन्क्लेव में डॉक्टरों के अनुभवों, स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों, मानवीय संवेदनाओं, युवा चिकित्सकों की जिम्मेदारियों और हेल्थकेयर इनोवेशन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वालों को सम्मानित भी किया गया। समारोह को केन्द्रीय समाज कल्याण और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन, पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी, सांसद शिवाजी कलगे, नेशनल मेडिकल कमिशन के अध्यक्ष डॉ अभिजात सेठ, डाल्फिन हेल्थकेयर के डायरेक्टर डॉ नीरज दुबे, आईआईएसएसएम के उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, एसआईएस की उपाध्यक्ष श्रीमती रुचिरा लाल और मारवाह स्टूडियो के निदेशक श्री संदीप मारवाह ने भी संबोधित किया।

# जनता की शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक करे निस्तारण: नगर आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान को लगातार रफ्तार दी जा रही है संभव जनसुनवाई हो या फिर आइजीआरएस, 311 एप्लीकेशन कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, शहर वासियों की समस्याओं का समाधान निगम के सभी विभागों के लिए प्राथमिकता है जिसके क्रम में प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण तद दिवस में ही कराया जा रहा है, जलकल उद्यान स्वास्थ्य प्रकाश तथा निर्माण विभाग संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का न केवल समाधान निगम अधिकारी कर रहे हैं बल्कि शिकायतकर्ता से वार्ता करते हुए शिकायत के समाधान में हुई कार्यवाही पर फीडबैक भी ले रहे हैं जो की सराहनीय है ' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया जन समस्याओं का समाधान निगम के सभी विभागों की प्राथमिकता है इसी क्रम में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का तेजी से निस्तारण कराया गया गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो लगातार अधिकारी




शिकायतकर्ता से संपर्क करते हुए फीडबैक ले रहे हैं, शासन के जनसुनवाई पोर्टल पर गाजियाबाद नगर निगम, उत्तर प्रदेश में प्रथम रैंक पर है, आइजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल की प्रत्येक माह रैंक आती है इस बार गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगम में सबसे आगे है, निगम अधिकारी इसी क्रम में लगातार जन समस्याओं के निस्तारण को लेकर कार्य करेंगे नगर आयुक्त द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए निर्देश दिए गए' निगम अधिकारियों के साथ-साथ माननीय पार्षदों द्वारा भी कुशल नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाई गई है जो की प्रशंसनीय है।

# अयोध्या एयरपोर्ट पर दिखा आत्मीयता का अनूठा दृश्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अयोध्या।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर महाराज) के अयोध्या आगमन पर शुक्रवार प्रातः एक भावपूर्ण एवं आत्मीय दृश्य देखने को मिला। हनुमानगढ़ी के महंत श्री राजू

**बागेश्वर महाराज ने संत गुरु नवनीतप्रिय दास जी को पहनाया अपना चश्मा, जन्मोत्सव का दिया विशेष निमंत्रण**

दास जी के पूज्य गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए चार्टर विमान से अयोध्या पहुँचे बागेश्वर महाराज का एयरपोर्ट पर भक्ति मार्ग के संत गुरु श्री नवनीतप्रिय दास जी ने श्रद्धापूर्वक एवं गर्मजोशी से स्वागत किया।स्वागत के दौरान बागेश्वर महाराज, संत गुरु श्री नवनीतप्रिय दास जी को देखकर अत्यंत प्रसन्न



हुए। आत्मीय स्नेह प्रकट करते हुए उन्होंने अपना काला चश्मा उतारकर स्वयं नवनीतप्रिय दास जी को पहनाया तथा उन्हें गले लगाकर अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया। यह भावपूर्ण क्षण एयरपोर्ट पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अन्य लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना।इसके उपरांत बागेश्वर महाराज ने श्री हनुमानगढ़ी अयोध्या में महंत श्री राजू दास जी के पूज्य गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात उन्होंने श्री कनक भवन एवं श्री हनुमानगढ़ी के दर्शन कर प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर बागेश्वर महाराज ने संत गुरु श्री नवनीतप्रिय दास जी को अपने आगामी जन्मोत्सव समारोह में सम्मिलित होने का विशेष निमंत्रण भी दिया। उल्लेखनीय है कि 4 जुलाई को यह भव्य समारोह नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों के शामिल होने की संभावना है।संस्कार उपवन के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने बताया कि स्वागत के दौरान राहुल वर्षणीय, विजय बंसल एवं एडवोकेट मनीष गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पर अफवाहों से रहें सावधान, निष्पक्ष जांच में करें सहयोग : अफसर अली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसूरी।** ग्राम पंचायत मसूरी की मतदाता सूची को लेकर चल रही प्रक्रिया के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के जिला अध्यक्ष अफसर अली ने क्षेत्र के समस्त मतदाताओं एवं नागरिकों से शांति, संयम और जागरूकता बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा राजनीतिक दुष्प्रचार पर विश्वास न करें और केवल निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। अफसर अली ने कहा कि ग्राम पंचायत मसूरी में मतदाता सूची का पुनरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। जिन पात्र नागरिकों के नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं, उनके नाम नियमानुसार जोड़े जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे नामों के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनके बारे में स्थानीय निवासी न होने की बात कही गई है। ऐसे सभी मामलों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की जाएगी। जो व्यक्ति जांच में पात्र एवं वास्तविक निवासी पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। अफसर अली ने कहा कि उनकी शिकायत पर उच्च अधिकारियों ने संबंधित बी.एल.ओ. को घर-घर जाकर क्रमवार सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं, जिससे प्रत्येक पात्र मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहे तथा अपात्र नामों की भी निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने ग्राम पंचायत मसूरी के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की कि वे इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें और निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदाता सूची तैयार कराने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव और सही मतदाता सूची से ही संभव है, इसलिए सभी नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

**सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालकर इलाके में दबदबा बनाने की थी कोशिश, आरोपी से चाकू बरामद; पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज**

# इंस्टाग्राम पर चाकू लहराकर रौब झाड़ना पड़ा भारी, पटेल नगर पुलिस ने दबोचा युवक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** सोशल मीडिया पर चाकू लहराते हुए तस्वीरें पोस्ट कर इलाके में अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे एक युवक को पटेल नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिव्यांशु के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर अपराध का महिमामंडन करने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए हुए है। पुलिस की साइबर निगरानी के दौरान एक इंस्टाग्राम अकाउंट सामने आया, जिसमें एक युवक खुलेआम चाकू लहराते हुए तस्वीरें और वीडियो साझा कर रहा था। पोस्ट के माध्यम से वह खुद को इलाके का




प्रभावशाली और दबंग व्यक्ति दिखाने का प्रयास कर रहा था।थाना प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, स्थानीय सूचना और डिजिटल जांच के आधार पर आरोपी की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शादीपुर इलाके में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने सोशल मीडिया पर अधिक लोकप्रियता हासिल करने और लोगों के बीच अपना खौफ पैदा करने के उद्देश्य से हथियार के साथ तस्वीरें पोस्ट की थीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी के खिलाफ पहले से मोती नगर और पटेल नगर थानों में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किसी अन्य आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है या नहीं। साथ ही उसके सोशल मीडिया अकाउंट और संपर्कों की भी गहन जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी न्यूजीलैंड के दौरे पर जाएंगे, क्रिस्टोफर लक्सन ने की घोषणा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते न्यूजीलैंड के दौरे पर जाएंगे। यह घोषणा न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शुक्रवार को की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। इस दौरान उन्होंने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक और न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण देश बताया।



लक्सन ने आगे लिखा, हम अप्रैल में हुए न्यूजीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों देशों के रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इससे न्यूजीलैंड में ज्यादा नौकरियां मिलेंगी, निर्यात बढ़ेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। इससे 140 करोड़ लोगों के बाजार में हमारे सामान और सेवाओं के निर्यात को बढ़ाने के नए मौके मिलेंगे, जिससे न्यूजीलैंड के समुदायों में ज्यादा पैसा आएगा, नौकरियां पैदा होंगी और लोगों की आमदनी बढ़ेगी।

# इलाज के दौरान हुई युवक की मौत के मामले में तीसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** अस्पतालों में लगातार लापरवाही के चलते हो रही मौतें स्वास्थ्य विभाग वे खबर आखिर कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग।

ऐसा ही एक मामला बहजोई के एक निजी ड्रामा में उपचार के दौरान मौत का मामला सामने आया है, जहां इलाज कराने आया कारपेंटर खुशी मोहम्मद की मौत के मामले में तीसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शाम को पुलिस की निगरानी में परिजनों की ओर से कारपेंटर के शव को दफना दिया गया था।




**इलाज के दौरान मौत का क्या है पूरा मामला**

मृतक अपनी पित्त की थैली में दिक्कत होने के चलते इलाज कराने अचलपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निकट हाईवे किनारे स्थित एक निजी अस्पताल में आया था जहां डाक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया था , वहीं परिजनों का आरोप है कि डाक्टर ने पांच दिनों तक उसकी जांच कराते रहे। मृतक के भाई ने बताया की जाचों के बाद में बुधवार को 12 बजे मेरे भाई का ऑपरेशन कर दिया गया इसके बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो अस्पताल के स्टाफ की ओर से परिजनों को बिना बताये एंबुलेंस से हायर सेंटर रेफर करने की कोशिश की गई ,जब मुझे पता तब मैंने एंबुलेंस को रोक कर देखा तो उसमें मेरा भाई मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसने बताया की इलाज के दौरान लापरवाही बरतने के चलते मेरे भाई की मौत हुई है, वहीं परिजनों का कहना है कि पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कारण जाने के लिए बुधवार को शाम पुलिस को तहरीर दी गई है। परिजनों का आरोप है कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# ऑनलाइन सफाईकर्मी बनकर पहुंची महिला ने लगाया दुष्कर्म का झूठा आरोप,रंगदारी मांगते गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** द्वारका क्षेत्र में ऑनलाइन ऐप के माध्यम से सफाई के लिए पहुंची एक महिला द्वारा 56 वर्षीय मकान मालिक पर दुष्कर्म का कथित झूठा आरोप

**5 लाख रुपये की कथित उगाही की साजिश नाकाम, स्टिंग वीडियो और सीसीटीवी से खुली पोल**

लगाने और बाद में मामला वापस लेने के बदले लाखों रुपये की मांग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 30 जून को महिला ने




पीसीआर कॉल कर आरोप लगाया कि सफाई का काम पूरा होने के बाद मकान मालिक ने उसके साथ जबरदस्ती की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान मामला तब पलट गया, जब अगले दिन महिला ने मकान मालिक के बेटे से संपर्क कर कथित रूप से 5 लाख रुपये की मांग की और रकम नहीं देने पर पूरे परिवार को जेल भिजवाने तथा बदनाम करने की धमकी दी। परिवार ने सूझबूझ दिखाते हुए बातचीत जारी रखी। बाद में 2 लाख रुपये एडवांस लेने पर सहमति बनी, जिसकी पूरी बातचीत का वीडियो गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि महिला जैसे ही रकम लेकर शिकायत वापस लेने पहुंची, उसे हिरासत में ले लिया गया।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग और स्टिंग वीडियो में महिला के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से कथित उगाही के 2 लाख रुपये भी बरामद किए। बुजुर्ग के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपित ने पहले भी इसी तरह किसी अन्य व्यक्ति को निशाना बनाया है।

**कांवड़ यात्रा तैयारी** — **निरीक्षण के समय एसडीएम गढ़ श्रीराम यादव भी मौजूद रहे**

# डीएम ने प्रमुख शिव मंदिरों का किया औचक निरीक्षण,सुरक्षा व सुविधा के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** आगामी श्रावण मास में शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कांवड मार्गों व शिवालयों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को समय से तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

शुक्रवार को जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जनपद के कल्यानेश्वर महादेव मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया।





जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग, भीड़ प्रबंधन, पेयजल,प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए,कि मंदिरों में शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए,इसलिए समय से ही मंदिर में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय एसडीएम गढ़ श्रीराम यादव भी मौजूद रहे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर आएंगे उत्तर प्रदेश, विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर होगा मंथन

**लखनऊ ( आरएनएस ) ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 4 और 5 जुलाई को उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

प्रदेश भाजपा की नई टीम के गठन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह पहला उत्तर प्रदेश दौरा होगा।प्रदेश भाजपा के अनुसार, नितिन नवीन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां पार्टी कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद उनका काफिला आलमबाग, टी.एन. चतुर्वेदी चौराहा, चारबाग, दीनदयाल स्मृतिका, महाराणा प्रताप चौराहा और बर्लिंगटन चौराहा होते हुए प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचेगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा।प्रदेश मुख्यालय पहुंचने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267